हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# मुंबई में नीला-समंदर!

### विक्ट्री परेड, हिस्ट्री क्रिएट




## विश्व विजेता टीम इंडिया का योद्धाओं जैसा स्वागत, दिल्ली से मुंबई तक उमड़ा सैलाब, पीएम के साथ किया ब्रेकफास्ट

मुंबई। देश लौटने पर गुरुवार को टीम इंडिया के चैंपियनों का जैसा स्वागत दिल्ली-मुंबई ने किया, वह इतिहास में दर्ज हो गया। मुंबई में समंदर किनारे मरीन ड्राइव पर किलोमीटरों में फैन्स का सैलाब उमड़ पड़ा। टीम इंडिया के चैंपियंस मुंबई एयरपोर्ट से बाहर निकले। सभी खिलाड़ी बस में सवार होकर विक्ट्री परेड के लिए शेष पेज 7 पर



### प्रधानमंत्री से की मुलाकात

भारतीय दल ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर करीब दो घंटे बिताए।

### 17 साल बाद भारत टी20 चैंपियन

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए दूसरी बार इस फॉर्मेट का खिताब अपने किया। फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 7 रनों से जीत दर्ज की। इससे पहले भारतीय टीम 2007 टी20 वर्ल्ड कप जीत चुकी है। वहीं वनडे में 1983 और 2011 वर्ल्ड कप जीता है।

### 3 लाख से ज्यादा फैंस उमड़े

मरीन ड्राइव पर 3 लाख से ज्यादा फैंस ने क्रिकेटर्स का स्वागत किया। बारिश के बावजूद 3 किमी लंबी सड़क पर सिर ही सिर दिख रहे थे, यहां पैर रखने की जगह तक नहीं थी। कई फैंस भारतीय जर्सी में नजर आ रहे हैं। वे फूल और ढोल-नगाड़े लेकर पहुंचे हैं।

WEETEK
PIPES • FITTINGS • TANKS
6 LAYER
10 YEAR GUARANTEE
FOR DISTRIBUTOR/DEALER
ENQ 851 787 0000

### खबर संक्षेप

#### पीएम मोदी 8 से रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 और 9 जुलाई को रूस की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जहां इन दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा की जाएगी।

#### भारतरत्न आडवाणी को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री भारतरत्न लालकृष्ण आडवाणी को बृहस्पतिवार शाम यहां अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गयी। आडवाणी (96) को बुधवार को यहां अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### 1000 से ज्यादा सोसाइटियों की जांच, 1500 का लेखा-जोखा अभी बाकी

# शार्टेज हैरान करने वाला, दो जिलों में ही दस करोड़ से ज्यादा का धान गायब

**राज्य की 1000 से ज्यादा सहकारी सोसाइटियों की जांच में थोक में धान के शार्टेज का मामला सामने आ रहा है। अभी 1500 से ज्यादा केंद्रों की पड़ताल बाकी है। ऐसा कहा जा रहा है कि 100 करोड़ से ज्यादा का शार्टेज आ सकता है। बालोद, कोरिया, रामानुजगंज, राजिम समेत कई इलाकों की सोसाइटियों से धान गायब है। इसकी वजह केवल सूखत नहीं है, बल्कि कहीं कहीं गड़बड़ी भी सामने आ रही है। इस समितियों को नोटिस दिया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/राजनांदगांव दुर्ग/गरियाबंद/बिलासपुर

- 1157 समितियों के लेखा मिलान में मिली कई गड़बड़ी, वसूली के लिए समिति प्रबंधकों को नोटिस

खरीफ की धान खरीदी बंद होने के बाद केंद्रों में लेखा का मिलान किया जा रहा है, इसी में कई जगह गड़बड़ी भी सामने आ रही है। अब तक 1157 समितियों का लेखा मिलान हो चुका है। 1578 खरीदी केंद्रों का काम अभी बाकी है। मार्कफेड और सहकारी बैंक द्वारा लेखा मिलान किया जा रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 2 हजार 735 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 144.92 लाख मीटरिक टन धान खरीदी की गई थी। खरीदे गए धान में से 141.92 शेष पेज 7 पर




### समितियों ने मार्कफेड को जिम्मेदार ठहराया

समितियों को धान की कमी पाए जाने पर नोटिस जारी किया जा रहा है। समितियों का कहना है कि धान में सूखत और अन्य कमियों के लिए स्वयं मार्कफेड जिम्मेदार है। धान उठाव जो 78 घंटे के अंदर किया जाना था, वह समय पर नहीं हुआ। वहीं मिलर्स द्वारा धान उठाव की धीमी गति के कारण धान की अन्य कारणों से कमी दर्ज की गई है। पूरे मामले में मार्कफेड और जिला खाद्य अधिकारी द्वारा डीओ जारी करने के बाद उठाव जारी होने में देर के चलते कमियां पाई गई। सहकारी समितियां केवल खरीदी का माध्यम हैं, जो तय कमीशन पर धान खरीदी करती हैं, उठाव और अन्य मामले सीधे मार्कफेड से जुड़े हैं।

### 8 खरीदी केंद्रों से 3600 क्विंटल धान गायब

राजिम में ऑनलाइन रिपोर्ट में फिंगेश्वर की 8 धान खरीदी केंद्रों में करीब 3600 क्विंटल धान कम पाया गया था। धान की कीमत करीब 1 करोड़ रुपए आंकी गई है। इतनी अधिक कीमत का इतनी अधिक मात्रा में धान गायब होने से हड़कंप मच गया। तुरंत हरकत में आते हुए कार्यालय साहयक आयुक्त ने प्रबंधकों को नोटिस जारी कर दिया।

### यहां, इतना धान गायब

- बालोद जिले के 113 खरीदी केंद्रों में 24 हजार 805.75 क्विंटल धान कम पाया गया है, जिसकी कीमत लगभग 5 करोड़ 43 लाख रुपये है। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, क्योंकि 10 केंद्रों से 5000 क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जाना अभी बाकी है।
- कोरिया जिले में 24 हजार क्विंटल धान का शार्टेज पाया गया है। इसकी कीमत लगभग 5 करोड़ आंकी गई है। यहां पर अभी पांच समितियों का मिलान हुआ है। 1170 क्विंटल धान का उठाव समितियों में शेष है।
- जशपुर जिले की 15 सहकारी समितियों में 5665 क्विंटल धान की सूखत आ रही है। अभी यहां पर समितियों में 1778 क्विंटल धान का उठाव शेष है।
- रामानुजगंज जिले के सहकारी समिति महावीरगंज में 3576 क्विंटल धान गायब मिला। शेष पेज 7 पर

## एसडीएम ने थाने के अंदर कांग्रेस नेताओं को पीटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

- मारपीट का वीडियो बना रहे पत्रकार की भी पिटाई

सूरजपुर जिले में गुरुवार को एसडीएम ने कांग्रेस नेताओं और पत्रकार के साथ मारपीट की। एसडीएम जगरनाथ वर्मा ने बात करने के बहाने कांग्रेस नेताओं को कोतवाली थाने में बुलाया और खुद ही उनकी डंडे और लात जूते से पिटाई करनी शुरू कर दी। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे पत्रकार ने जब घटना का वीडियो बनाया तो एसडीएम ने पुलिसकर्मियों से पत्रकार को भी पकड़वा लिया। इस दौरान युवक बताता रहा कि वह पत्रकार व हृदय रोग का मरीज है लेकिन एसडीएम ने मोबाइल फोन छीन लिया और डंडे और लात से जमकर पिटाई कर दी। इस घटना के बाद शेष पेज 7 पर

### टूटा मोबाइल लौटाया

*घटना के दौरान एसडीएम द्वारा लूटे गए मोबाइल फोन को देर शाम वापस लौटाया गया लेकिन मोबाइल फोन को पूरी तरह से तोड़ दिया गया है और संभावना है कि तोड़ने से पहले उसके अंदर मौजूद डाटा को भी डिलीट कर दिया गया है लेकिन पत्रकार के साथ हुई घटना का वीडियो वायरल हो गया।*

### पुलिस बल तैनात

*घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मच गया। घटना के बाद दूसरे जिलों से भी पुलिस बल को बुलाया गया और कलेक्टर, एसपी कार्यालय कोतवाली में पुलिस बल को तैनात किया गया। इस दौरान दिन भर जिले में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। समाचार लिखे जाने तक एसडीएम के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं किया गया था और ना ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई।*

### ढेबर परिवार के खेत से बरामद किए नकली होलोग्राम, तीन गिरफ्तार

## शराब घोटाले में एसीबी को बड़ी कामयाबी, जेसीबी से खोदकर निकाले सबूत, थोक में नकली होलोग्राम जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- सबूत मिटाने जलाकर बक्से में भरकर धनेली स्थित खेत में दफन कर दिया था

राज्य के बहुचर्चित दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले में आखिरकार ईओडब्लू-एसीबी को बड़ी कामयाबी मिली है। एसीबी ने क्लू के आधार पर ढेबर परिवार के खेत से थोक में शराब के नकली होलोग्राम ढूंढ निकाले। लंबी जांच के बाद भी जो सबूत ईडी के हाथ नहीं लगे, एसीबी ने उसे जेसीबी से खोदकर बाहर निकाला। होलोग्राम को जलाकर खेत में गाड़ा गया था। एसीबी, ईओडब्लू चीफ अमरेश मिश्रा और उनकी टीम की यह बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

गौरतलब है, शराब घोटाले की जांच ईडी और ईओडब्लू दोनों कर रही है। दोनों एजेंसियों ने चालान में जब्ती का अब तक हवाला नहीं दिया था, एक तरह से इस मामले में सामग्री की जब्ती नहीं हुई थी, शेष पेज 7 पर





### नष्ट करते गिरफ्तार किया

*एसीबी के अफसरों के मुताबिक गिरफ्त में आए तीनों आरोपी नकली होलोग्राम को पांच बॉक्स में भरकर सबूत मिटाने उसे नष्ट करने ले गए थे। आरोपियों ने नकली होलोग्राम को पांच अलग-अलग बक्से में भरकर जला दिया था और उसे गड्ढा खोदकर गाड़ दिया था। मौके पर एसीबी की टीम ने जेसीबी ले जाकर मौके की खुदाई की, तो बॉक्स में अधजले नकली होलोग्राम मिले।*

### शराब घोटाले में पहली बड़ी जब्ती

गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में ईडी ने अपनी जांच में अब तक केवल दस्तावेजी प्रमाण जुटाए थे, एसीबी ने भौतिक साक्ष्य के रूप में होलोग्राम की जब्ती कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। उसी नकली होलोग्राम को लेकर पूछताछ करने नोएडा पुलिस अनवर ढेबर तथा एपी त्रिपाठी को प्रोटेक्शन वारंट में गिरफ्तार कर अपने साथ उत्तरप्रदेश ले गई है, दोनों वहां में बंद हैं।



मुख्यमंत्री विष्णु देव ने जनदर्शन में सुनी फरियाद

### केवल को आगे पढ़ाई में मिलेगी मदद

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनदर्शन में दिव्यांगों की समस्याओं और मांगों से अवगत हुए। उन्होंने संवेदनशीलता से केवल की बातों को सुनकर उन्हें तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आरंग विकासखंड के दिव्यांग छात्र केवल साहू ने पढ़ाई और इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगी। मुख्यमंत्री ने केवल को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़-लिखकर तरक्की करो और जीवन में एक सफल इंसान बनो।

## 'हेमंत रिटर्न', तीसरी बार झारखंड के बने सीएम

एजेंसी ▶▶ रांची



झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गुरुवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। अधिकारी ने बताया कि झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शेष पेज 7 पर

### मुख्यमंत्री पद छोड़ना नाटकीय

झामुमो के नेता चंपई सोरेन का राज्य का मुख्यमंत्री पद छोड़ना उतना ही नाटकीय रहा, जितना पांच महीने पहले फरवरी में हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद इस पद पर उनका आसीन होना रहा था। झारखंड में सरायकेला-खरसांवा जिले के जिलिंगगोड़ा गांव में कभी अपने पिता शेष पेज 7 पर

### लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था पार्टी हारी तो छोड़ दूंगा मंत्री की कुर्सी

## जुबान के धनी निकले किरोड़ी लाल, भाजपा दौसा हारी तो दिया मंत्री पद से इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- भाजपा हाईकमान मीणा को मनाने में जुटा

ऑफ द रिकार्ड बात करने की बजाय खुलेआम बात कहने की फितरत भाजपा नेता किरोड़ी लाल मीणा के किरदार में रची बसी है। जो कहा है वो करना है, इससे चाहे नुकसान हो या किसी को बुरा लगे ये मीणा ने जबतब साबित भी किया है। लेकिन इस बार उन्होंने राजनैतिक नेताओं के लिए एक



ऐसी मिसाल कायम की है जिसकी हिम्मत कोई बिरला ही कर सकता है। मीणा ने लोकसभा चुनाव में कहा था कि अगर दौसा संसदीय सीट पर भाजपा हारी तो वे राजस्थान सरकार में मंत्री के अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। भाजपा ये चुनाव कांग्रेस से हार गई थी। अपनी बात का कौल रखते हुए अब किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद छोड़ दिया है। दिल्ली में भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उन्हें इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाने में जुटा है। मीणा टस से मस नहीं हो रहे हैं।

राजस्थान के कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने बृहस्पतिवार को बताया कि उन्होंने मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा करीब 10 दिन पहले ही सौंप दिया शेष पेज 7 पर

### पायलट और किरोड़ीमल का गढ़

राजस्थान की राजनीति में पूर्वी राजस्थान के इस हिस्से को कांग्रेस नेता सचिन पायलट और किरोड़ी लाल मीणा के गढ़ के रूप में देखा जाता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस इलाके में हार का सामना करना पड़ा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी पूर्वी राजस्थान से ही आते हैं। किरोड़ी लाल मीणा राजस्थान की राजनीति में जनजातियों खासकर मीणाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### मनाने की कोशिश में भाजपा

भाजपा हाईकमान फिलहाल मीणा को मनाने की कोशिश कर रहा है। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अगर मीणा का इस्तीफा स्वीकार किया जाता है तो इससे प्रदेश के उन मंत्रियों पर भी नैतिक दबाव पड़ेगा जिनके इलाकों में भाजपा उम्मीदवार की हार हुई है। पार्टी नहीं चाहती कि कोई विवाद खड़ा हो। जल्द ही दौसा विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना हैं। यहां से कांग्रेस विधायक मुरारी लाल मीणा के सांसद निर्वाचित होने के बाद उपचुनाव होगा। भाजपा हाईकमान इस बात को समझता है कि उपचुनाव में किरोड़ी लाल मीणा की बड़ी जरूरत होगी। पार्टी उनको मंत्री पद पर बनाये रखना चाहती है इसलिए दस दिन बाद भी इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया है।

भारत की 13वीं निजी यूनिवर्सिटी यूजीसी 12(बी) मान्यता प्राप्त

# श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी

रायपुर, छत्तीसगढ़

24th YEARS OF EXCELLENCE
ESTD. 2000 | SRI GROUP

Approved & Recognized By :

कुलाधिपति श्री सद्गुरु
## प्राकट्य महोत्सव एवं
श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी **स्थापना दिवस**

## 5 जुलाई 2024



श्री रविशंकर जी महाराज
(श्री रावतपुरा सरकार)



माननीय उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
## श्री अरुण साव जी
की गरिमामय उपस्थिति

स्थान : श्री साईंराम प्रेक्षा गृह , यूनिवर्सिटी परिसर
समय : प्रातः 11 बजे से...

8000+ नेशनल एंड इंटरनेशनल स्टूडेंट्स की पसंद :-

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी

राज्यों से अध्ययनरत विद्यार्थी

* छत्तीसगढ़
* मध्य प्रदेश
* उतर प्रदेश
* राजस्थान
* महाराष्ट्र
* आंध्र प्रदेश,
* बिहार
* झारखण्ड
* उड़ीसा
* बंगाल
* दिल्ली
* अंडमान एंड निकोबार

ADMISSIONS
OPEN 2024-25

राष्ट्रों से अध्ययनरत विद्यार्थी

* नेपाल
* अफगानिस्तान
* बेल्जियम
* बांग्लादेश
* नाइजीरिया
* लिबेरिया
* साउथ अफ्रीका
* रवांडा
* कैमरों

✓ 143 कोर्स से सवारें भविष्य ✓ 100% तक की छात्रवृत्ति ✓ 100% प्लेसमेंट अवसर

## हार्दिक शुभकामनायें

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च
द्वारा विगत 3 वर्षों से संचालित 635 बिस्तरों का सर्वसुविधा युक्त हॉस्पिटल
एवं नया विस्तार..

# मेडिकल कॉलेज

चम्पारण रोड, पचेड़ा, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

Scan For Admission

7222910411
NH-30, Post Mana, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.) India
Follow on : / sruraipurindia /shrirawatpurasarkar

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- देश के 100 चुनिंदा स्मार्ट सिटी में रायपुर, नवा रायपुर और बिलासपुर शहर शामिल
- मार्च 2025 तक स्मार्ट सिटी की बढ़ी मियाद, अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने दिया मौका
- रायपुर स्मार्ट सिटी को शहर की सूरत बदलने मिले थे 900 करोड़



# 3 सिटी, 7 बरस, 2500 करोड़.... फिर भी स्मार्ट नहीं बन पाए हमारे ये शहर

रायपुर- प्रदीप शर्मा/बिलासपुर- विकास चौबे

खास खबर

केन्द्र सरकार ने देश के 100 चुनिंदा शहरों में शामिल रायपुर, नवा रायपुर और बिलासपुर को स्मार्ट बनाने खजाना खोल दिया था, लेकिन ये शहर मियाद खत्म होने तक स्मार्ट नहीं बन पाए। इन तीनों शहरों के लिए तकरीबन 2500 करोड़ रुपए दिए गए थे। सात बरस में इन शहरों को संवारने की रफ्तार ऐसी रही कि केंद्र की दी गई मियाद खत्म हो गई, लेकिन काम पूरा नहीं हुआ। आधे-अधूरे कामों को पूरा करने केंद्र ने अब नौ माह की मोहलत दी है, उसके बाद स्मार्ट शेष पेज 7 पर

### नवा रायपुर स्मार्ट सिटी के 54 प्रोजेक्ट में 35 पूरे, 19 अधूरे

2017-18 में अस्तित्व में आए नवा रायपुर में स्मार्ट सिटी ने 850 करोड़ की लागत से 54 प्रोजेक्ट पूरा करने काम शुरू किया। इनमें से 35 प्रोजेक्ट पूरे हुए, 19 अधूरे हैं, जिन पर काम चल रहा है। नवा रायपुर में जो प्रोजेक्ट पूरे हुए, उनमें अटल नगर के शेष पेज 7 पर

### इन प्रोजेक्ट पर चल रहा काम

- नरैया तालाब में 5 करोड़ 44 लाख की लागत से 1 एमएलडी का एसटीपी
- मटन मार्केट निर्माण
- बहुमंजिला शास्त्री बाजार
- प्रमुख मार्गों में करीब 40 करोड़ की लागत से अंडरग्राउंड केबलिंग का काम
- 14 जगह वैरीयस गार्डन निर्माण
- 3 जगह स्मार्ट रोड

## अब 9 माह की मोहलत और बोझ ज्यादा

### 5 करोड़ का म्यूजिक फाउंटेन बना स्मारक



ऐतिहासिक बूढ़ातालाब के सौंदर्यीकरण के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी ने तालाब के बीच 5 करोड़ का सबसे महंगा म्यूजिकल फाउंटेन लगवाया। इसकी खासियत ये रही कि रंगीन रोशनी के बीच संगीत की स्वर लहरियों के साथ यह लोगों को सुकून देने का काम करता, पर शुरुआत के कुछ दिन तक म्यूजिकल फाउंटेन चलने के बाद खराब होने से एक अरसे से शेष पेज 8 पर

## 200 करोड़ के काम अधूरे कैसे पूरे होंगे 9 माह में

- कन्वेंशनल सेंटर, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम सुस्त गति से



बिलासपुर। बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को 9 महीने का और एक्सटेंशन मिल गया है। लेकिन सवाल ये है कि क्या यह समय 200 करोड़ रुपए के कामों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। अधिकारियों और ठेकेदारों की लेटलतीफी के चलते बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत कन्वेंशनल सेंटर, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और रोड सहित करोड़ों से अधिक के काम अधूरे हैं। दूसरी ओर स्मार्ट सिटी 2.0 के लिए भले ही बिलासपुर का चयन हो गया है, लेकिन इसके तहत केवल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य होने हैं। ज्ञात हो कि स्मार्ट सिटी के अनुदान के लिए चयन से लेकर कंसल्टेंट कंपनी की नियुक्ति और फिर टेंडर के मामलों में बिलासपुर रायपुर की तुलना में शेष पेज 7 पर


### तेजी से काम करने कहा गया

जो कार्य अधूरे हैं, उनके विषय में स्मार्ट सिटी मिशन के अधिकारियों को तेजी से काम करने कहा गया है। 9 महीने में शहर को और स्मार्ट बनाने की दिशा में तेजी से काम होगा।
- अमित कुमार, एमडी स्मार्ट सिटी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अब मनमुताबिक नारे नहीं लगा पाएंगे सांसद



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान शपथ ग्रहण के दौरान कई सदस्यों ने शपथ प्रारूप से हटकर नारे लगाये तो बड़ा विवाद पैदा हुआ था। अब सांसद प्रारूप से बाहर किसी शब्द का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे। स्पीकर ओम बिरला ने नियम को बदलते हुए इसे और कठोर बना दिया है।

### पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की बढ़ाई रिमांड



**चेन्नई।** शहर स्थित एक सत्र अदालत ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की रिमांड अवधि आठ जुलाई तक बढ़ा दी। उन्हें पिछले साल ईडी ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली ने उनकी न्यायिक हिरासत भी आठ जुलाई तक बढ़ा दी।

### 5.85 लाख के मादक पदार्थ समेत एक गिरफ्तार




**ठाणे।** जिले में 45 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 5.85 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ मेफेड्रोन बरामद किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नवी मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ निरोधक प्रकोष्ठ के दल ने सुबह शिल-फाटा के पास से गिरफ्तार किया था।

### 1.15 करोड़ की धोखाधड़ी का फरार आरोपी गिरफ्तार



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में कई लोगों को मकान दिलवाने का वादा कर 1.15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 30 वर्षीय आरोपी मार्च से फरार था। विभिन्न सुरागों के आधार पर मंगलवार को आरोपी को वसई इलाके के वागरालपाड़ा से पकड़ा गया।

### शादी के चंद घंटे बाद दूल्हे ने की खुदकुशी



**इटावा।** अजीबोगरीब घटना में दुल्हन विदा कराकर आए एक व्यक्ति ने कुछ ही घंटे के अंदर दूल्हे की वेशभूषा में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सतेन्द्र कुमार (24) की शादी दो जुलाई को इसी थाना क्षेत्र के गांव रतनपुरा में विनीता कुमारी के साथ हुई थी।

## नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा से भी पूछताछ की तैयारी

# 'चरण-रज' के लिए भीड़ को सेवादारों ने छोड़ा इसलिए भगदड़, हिरासत में छह

एजेंसी ▶▶ हाथरस

*यूपी के हाथरस हादसे में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ पर बड़ी कार्रवाई हुई है। यूपी पुलिस ने नारायण साकार उर्फ भोले बाबा के 6 करीबियों को गिरफ्तार किया है। इन्हीं लोगों ने सत्संग का आयोजन किया था। ये बाबा के सेवादार के रूप में काम करते थे। नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया गया है, हालांकि पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान जरूरत पड़ी तो पूछताछ की जाएगी।*

उत्तर प्रदेश के हाथरस भगदड़ कांड के सिलसिले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी तथा सेवादार पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। अलीगढ़ संभाग के पुलिस महानिरीक्षक शलभ माथुर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले मंगलवार को हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र स्थित फुलरई गांव में आयोजित हरिनारायण साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले में अब तक दो महिला सेवादारों समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले के प्रमुख अभियुक्त और मुख्य सेवादार देव प्रकाश मधुकर पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है। उसके खिलाफ जल्द ही गैर जमानती वारंट भी जारी किया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा, विवेचना में इस चीज को भी देखा जाएगा कि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा कोई आपराधिक षड्यंत्र तो नहीं किया गया था। भोले बाबा से पूछताछ या उसकी गिरफ्तारी की सम्भावना के बारे में पूछने पर माथुर ने कहा, आगे किसी की शेष पेज 7 पर

### सभी मृतकों की हुई शिनाख्त

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि भगदड़ में मारे गये सभी 121 लोगों की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें हाथरस के 19, आगरा के 18, अलीगढ़ के 17, मथुरा के 11, कासगंज और एटा के 10-10 तथा बदायूं के छह लोगों के अलावा अन्य जिलों के लोग शामिल हैं। माथुर के मुताबिक बाबा के अनुयायियों ने बताया कि घटना के वक्त लोग भोले बाबा की 'चरण रज' लेने के लिये भीड़ उनकी गाड़ी के आसपास आयी तो सेवादारों ने भीड़ को रोका और जैसे ही बाबा का काफिला निकल गया तो सेवादारों ने भीड़ को चरण रज लेने के लिये अनियंत्रित छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद महिलाएं और बच्चे एक-दूसरे पर गिरते गए। उन्होंने बताया कि घटना होते ही सेवादार मौके से फरार हो गए।



### ये है मुख्य आरोपी

अलीगढ़ रेंज के आईजी शलभ माथुर ने कहा कि गिरफ्तार किए गए सभी छह आरोपी 'सत्संग' में सेवादार के रूप में काम करते थे। मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर के खलिफ जल्द 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है, उसके खलिफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेवादार खुद ही भीड़ नियंत्रण का प्रयास करते हैं।

### अभी भी अपनों की तलाश

भगदड़ के बाद कई लोग लापता हैं। इनमें कासगंज के राकेश कुमार (46) भी हैं। वह कहते हैं कि अपनी 50 साल की बहन को ढूंढने के लिए मैं 100 से ज्यादा शवों को देख चुका हूं, लेकिन वह नहीं मिली। राकेश अपनी बहन हरबेजी देवी की तलाश में मोटरसाइकिल से हाथरस, एटा और अलीगढ़ के पोस्टमॉर्टम हाउस की खाक छानते फिर रहे हैं।

### भगदड़ के बाद भाग गया था भोले बाबा

भगदड़ के समय का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। 47 सेकंड के एक वीडियो क्लिप ने बाबा के झूठ पर से पर्दा हटा दिया है। वीडियो क्लिप में दिख रहा है कि बाबा अपने सुरक्षा बलों के भारी भरकम काफिले के साथ तेजी से फरार हो रहा है। बाबा सफेद रंग की कार में बैठा है और उसके आगे पीछे बाइक पर सवार ब्लैक कमांडो उसे एस्कॉर्ट कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सड़क के किनारे ब्लैक कमाडों को हरकत में आते हुए देखा जा सकता है। उसके बाद बाबा भोले सफेद कार में वहां से काफिले के साथ फरार हो रहा है। बाबा के सत्संग स्थल छोड़ने की जो टाइम सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, वह प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा घटना के बारे में बताए गए समय से मेल खाती है। इससे पहले बुधवार को सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के वकील एपी सिंह ने दावा किया था कि बाबा के अनुयायी कभी भी उनके पैर नहीं छूते हैं।

# 'क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए आतंकवाद बहुत बड़ा खतरा'

## एससीओ के मंच से भारत की चीन और पाक को खरी खरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में गुरुवार को आयोजित किए गए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भारत ने आतंकवाद के मामले पर चीन और पाकिस्तान पर बेहद कड़े अंदाज में निशान साधते हुए कहा कि क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए आतंकवाद एक बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके समर्थकों, पोषकों और आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करने वाले देशों को अलग-थलग कर दुनिया के सामने बेनकाब करना चाहिए। भारत की तरफ से अपने दो करीबी दुश्मन देशों को यह संदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से दिया गया है। जिसे अस्ताना में एससीओ शिखर सम्मेलन में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत समूह के अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के समक्ष पढ़कर सुनाया। इस दौरान उन्होंने एससीओ को यह भी याद दिलाया कि इस संगठन का एक वास्तविक लक्ष्य आतंकवाद का विरोध करना है।

### सीपीईसी-बीआरआई पर चीन को घेरा


मंत्रालय ने बताया कि एससीओ में भारतीय विदेश मंत्री ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) और बेल्ट व रोड़ कदम (बीआरआई) को लेकर चीन का नाम लिए बगैर उसे स्पष्ट रूप से संदेश देते हुए कहा कि कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी हुई परियोजनाओं में संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना बेहद जरूरी है। इनमें गैर भेदभावपूर्ण व्यापार के अधिकार और आवागमन तंत्र होना चाहिए। आर्थिक विकास के लिए कनेक्टिविटी की आवश्यकता है। इससे समाजों के बीच सहयोग और विश्वास बढ़ेगा। इसे देखते हुए एससीओ को गंभीरता के साथ इन सभी मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है।

## बड़ी सफलता

# मारे गए नक्सलियों पर थे 40 लाख रुपए के ईनाम



### 60 दिनों में पुलिस को मिली पांचवी सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नारायणपुर के माड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। मारे गए पांचों नक्सली आठ-आठ लाख के ईनामी थे। मुठभेड़ में मारे गए 5 नक्सलियों में राकेश (35) पीएलजीए कम्पनी नम्बर-1 सीसी प्रोटेक्शन टीम मेम्बर इनामी 8 लाख, कोंडा तोगड़ा (35), पीएलजीए टीम मेम्बर इनामी 8 लाख, एडमा वड्डे (40), पीएलजीए मेम्बर इनामी 8 लाख, शेष पेज 7 पर

### अबूझमाड़ में भारी नुकसान

उप पुलिस महानिरीक्षक कांकेर केएल ध्रुव ने बताया कि इस ऑपरेशन के उपरांत नक्सलियों के गढ़ रहे माड़ डिविजन के माओवादियों में भय का माहौल है। माड़ क्षेत्र को नक्सली शीर्ष नेतृत्व अपना सुरक्षित ठिकाना मानते है। नक्सली नेतृत्व इस ऑपरेशन उपरांत ग्रामीणों एवं अपने निचले कैडर को दोषारोपण कर रहे हैं। माड़ डिवीजन में नक्सलियों के अटैकिंग फोर्स के स्तम्भ रहे माड़ डिविजन माओवादियों के ऊपर यह अब तक विगत डेढ़ माह के अन्दर तीसरा कड़ा प्रहार है।

*जर्जर स्कूलों की मरम्मत नहीं होने से हो रहा हादसा*

# स्कूल की छत का प्लास्टर बच्चों पर गिरा, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जर्जर स्कूल का प्लास्टर गिरने से दरभा ब्लाक के छोटेगुडरा प्रायमरी स्कूल में अध्ययनरत पांच बच्चे घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विनायक गोयल, कलेक्टर विजय दयाराम के व अन्य जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और डाक्टरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक छोटेगुडरा प्रायमरी स्कूल की छत के प्लास्टर का शेष पेज 7 पर

### बच्चों से मिलने पहुंचे विधायक, कलेक्टर व पूर्व सांसद





### सांसद व पूर्व सांसद ने जताया दुख

हादसे की जानकारी मिलते ही दिल्ली में मौजूद बस्तर सांसद महेश कश्यप ने हादसे में बच्चों के घायल होने पर दुख जताया तथा बच्चों के जल्द स्वस्थ होने की शेष पेज 7पर

# छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट से लगाई गुहार, रद्द न करें नीट-यूजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी में सफल हुए गुजरात के 56 परीक्षार्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर केंद्र व एनटीए को पांच मई को हुई परीक्षा रद्द नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। उन्होंने शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों में शामिल छात्रों तथा अन्य लोगों की जांच व पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देने की भी मांग की है। गुजरात के 56 छात्रों ने यह याचिका दायर की है।

- सुप्रीम कोर्ट में 56 छात्रों ने दायर की याचिका



### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

याचिका में केंद्र और एनटीए को अनुचित तरीके अपनाने वाले परीक्षार्थियों की पहचान करके उन्हें दंडित करने और उन केंद्रों की पहचान कर उचित कार्रवाई का निर्देश देने की मांग की गई है, जहां नीट-यूजी 2024 परीक्षाओं के लिए स्थापित दिशानिर्देशों से कोई समझौता किया गया है। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता लगभग 17-18 वर्ष की आयु के युवा छात्र हैं। चिकित्सक बनने के सपने को साकार करने के लिए उन्होंने अपना 100 प्रतिशत दिया है और 3-4 वर्षों से अधिक की लगातार कड़ी मेहनत के बाद परीक्षा उत्तीर्ण की है।

## मवेशियों के मरने पर नियत स्थल में पहुंचाते हैं ग्रामीण

# गिद्धों के लिए रेस्टोरेंट, मृत मवेशियों को छोड़ जाते हैं ग्रामीण

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶ जगदलपुर


अलग खबर

इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर की ओर से गिद्धों के भोजन के लिए मद्देड़ से लगभग 12 किमी दूर सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जंगल में रेस्टोरेंट बनाया गया है, बांस एवं बल्ली से बाउंड्री बनाया गया है। आसपास के गांवों के ग्रामीण मवेशियों के मरने के बाद यहां पहुंचा देते हैं, जिससे गिद्ध मरे हुए मवेशियों को खाते हैं। इस रेस्टोरेंट के चलते टाइगर रिजर्व बीजापुर में 3 विलुप्त प्रजाति शेष पेज 7 पर

- इंद्रावती टाइगर रिजर्व ने बनाया गिद्धों के लिए रेस्टोरेंट
- इंद्रावती टाइगर रिजर्व में गिद्धों की संख्या 140 से बढ़कर 205 पहुंची

### हो रही निगरानी

इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीवन) एवं क्षेत्रीय निदेशक आरसी दुग्गा ने बताया कि गिद्धों के लिए बनाए गए रेस्टोरेंट से गिद्धों की निगरानी, फॉरेस्ट्री जूलॉजी एवं अनुसंधान हो सकेगा। गिद्धों की टैगिंग के लिए मुबंई के विशेषज्ञों को बुलाया गया है।



### ग्रीफॉन गिद्ध के मिले घोंसले

इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बल्गा की कड़ी निगरानी से गिद्धों की भोजन, घोसले का संरक्षण और गर्भावधि के चलते गिद्ध मित्रों ने संरक्षित करने का प्रयास किया। इसी दौरान तीसरी प्रजाति आई ग्रीफॉन गिद्ध यह प्रजाति प्रवासी होती है, लेकिन संरक्षण के चलते प्रजाति भी रहवासी हो गई है। इस प्रजाति के गिद्ध के 2022 एवं 2024 में घोसले पाए गए हैं।

## भारी बारिश का असर

# अरुणाचल में भूस्खलन सात जिलों से टूटा संपर्क



**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में बारिश के कारण हुए भूस्खलन से गुरुवार को कम से कम सात जिलों में सड़क संपर्क टूट गया। भूस्खलन के कारण सियांग, पूर्वी सियांग, ऊपरी सियांग, पश्चिमी सियांग, शियोमी, लेपा रादा और ऊपरी सुबनसिरी जिले प्रभावित हैं। बृहस्पतिवार सुबह भूस्खलन के बाद पासीघाट-पंगिन-आलो सड़क पर राष्ट्रीय राजमार्ग-13 का एक हिस्सा अवरुद्ध हो गया।

### मौसम ठीक होने के बाद आवागमन होगा बहाल

यदि मौसम ठीक रहा तो सड़क पर आवागमन को पूरी तरह से बहाल करने में कम से कम एक सप्ताह का समय लगेगा। लगातार बारिश के कारण आलो में जलापूर्ति बाधित हो गई है।

## चिंतन

# भारत संग वचनों पर खरा उतरना चीन की जिम्मेदारी

भारत और चीन के बीच लंबे समय से सीमा विवाद है। भारत लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) का सम्मान करता है और चीन इसका सम्मान नहीं करता है। अस्ताना में बैठक के दौरान भारत ने चीन को स्पष्ट कहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान किया जाना चाहिए। सीमा प्रबंधन के लिए अतीत में दोनों पक्षों के बीच हुए संगत द्विपक्षीय समझौतों और नियमों का पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत के इस दृष्टिकोण को भी दोहराया कि दोनों पक्षों के बीच संबंध आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए। भारत का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता दोनों देशों के बीच सामान्य संबंधों के लिए अहम है। अब सब कुछ चीन पर है कि वह एलएसी पर शांति की स्थापना के मार्ग पर कितना चलता है? सीमा पर शांति चीन की भी जिम्मेदारी है। दरअसल, भारत व चीन के बीच सीमा निर्धारण की प्रक्रिया चीनी पक्ष के हिसाब से विवादों में रही है। दोनों मुल्कों के बीच मैकमोहन रेखा से सीमा का निर्धारण है, इस पर दोनों मुल्कों की सहमति भी रही है, लेकिन बाद में चीन इस रेखा को पूर्णतया मानने को लेकर आनाकानी करता रहा है। दोनों देशों के बीच 3488 किमी की सीमा है, जिसमें चीन पूर्वी लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों के सीमा पर विवाद करता रहा है। सबसे दिलचस्प है कि चीन भारत संग सीमा विवाद हल करना ही नहीं चाहता है। चीन के विस्तारवाद का यह अहम तरीका रहा है कि पड़ोसी के साथ सीमा पर विवाद खड़ा कर पड़ोसी मुल्क की जमीन हड़प ले। शिनझियांग, मकाऊ, तिब्बत आदि ऐसे क्षेत्र हैं, जिसे चीन ने हड़पा। भारत का अक्साई चिन अभी भी चीन के अवैध कब्जे में है। वर्ष 2020 की गलवान घटना के बाद से भारत व चीन के बीच रिश्ते तल्ख हैं। भारत की कोशिश है कि एलएसी पर शांति बनी रहे, चीन कोई उपद्रव न करे। चीन बार-बार सीमा पर भारतीय क्षेत्र पर अपना दावा पेश करके भारत को उकसाता रहता है। गलवान की घटना के बाद सीमा पर विवाद हल करने के लिए भारत व चीन के बीच कमांडर स्तर की 17 बार वार्ता हो चुकी है, नतीजा कुछ नहीं है। इसलिए कजाख़िस्तान की राजधानी अस्ताना में जब शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर भाग लेने पहुंचे तो सम्मेलन से इतर उनकी चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ द्विपक्षीय बात हुई, जिसमें सीमा को लेकर जारी गतिरोध को दूर करने पर सहमति बनी। इस बैठक में भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के शेष मुद्दों के जल्द निपटारे के लिए दोगुने प्रयास करने तथा संबंधों में 'स्थायित्व लाने एवं पुनः गति प्रदान' करने का प्रण लिया। इसको सकारात्मक रूप में लिया जाना चाहिए, हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है, जब चीन ने संबंधों को बेहतर बनाने का प्रण लिया हो। पूर्व में पीएम नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई वार्ताओं में, चीनी विदेश मंत्री की भारत यात्राओं के दौरान, ग्लोबल मंचों पर आपसी बातचीतों में, अनेक बार चीन सीमा पर जारी गतिरोध को हल करने का भरोसा दे चुका है, इसके बावजूद चीन ने डोकलाम, गलवान, अरुणाचल सीमा पर झड़प जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। भारत के साथ हुए पंचशील समझौते को तोड़ने वाले चीन ने कभी भी अपनी हरकतों से भारत के मन में भरोसा पैदा नहीं किया है। अब भारत संग दिए वचनों पर खरा उतरना अब चीन की जिम्मेदारी है।

# अर्थव्यवस्था को मजबूती देते प्रवासी



रिपोर्ट
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8.95 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में दुनिया के कोने-कोने के देशों में प्रवासी भारतीय, राजनीतिक और तकनीकी क्षेत्रों में अपना प्रभावी योगदान देते हुए वैश्विक मंच पर भी भारत के हितों की जोरदार हिमायत के साथ भारत के सहयोगी और सहभागी की प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे।

हाल ही में 27 जून को यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023-24 में भेजा गया रेमिटेंस (प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन) दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8.95 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर है। खास बात यह है कि पिछले वर्ष में भारतीयों द्वारा भेजी गई यह रकम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से लगभग दो गुना है। यह लगातार दूसरा साल है, जब भारतीयों ने 100 अरब डॉलर से ज्यादा की धनराशि भारत भेजी है। 2022-23 में भारतीय प्रवासियों ने 111 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा था। ज्ञातव्य है कि भारत के बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देश हैं।

यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले एक दशक में भारत में लगातार अन्य देशों के मुकाबले रेमिटेंस सबसे अधिक रहा है। भारत में वर्ष 2010 में रेमिटेंस के तौर पर 53.48 अरब डॉलर आए थे। वहीं ये वर्ष 2015 में बढ़कर 68.19 अरब डॉलर और वर्ष 2020 में 83.15 अरब डॉलर हो गए हैं। प्रवासी भारतीयों की ओर से भारत भेजा गया धन वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब डॉलर था। प्रवासियों का यह धन जहां प्रवासियों के परिजनों को मुस्कुराहट दे रहा है, वहीं अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी और बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार बंद होने के कारण देश में आर्थिक-सामाजिक परेशानियां बढ़ गई थी, उस समय आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों के द्वारा भेजी गई बड़ी धनराशि से अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। गौरतलब है कि दुनिया में प्रवासी भारतीयों की संख्या करीब 1 करोड़ 80 लाख है। दुनियाभर में सबसे ज्यादा प्रवासी भारत के हैं। सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले खाड़ी देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या ज्यादा है जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और न्यूंजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं। ऐसे में वे अधिक कमाई करके अधिक धन भारत भेज रहे हैं। निःसंदेह प्रवासी भारतीय भारत की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी शक्ति बढ़ाने में भी अहम सहयोग कर रहे हैं। दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई है। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनिया कोस्टा, अमेरिका की पहली महिला और पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ



और राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपुन, सूरीनाम के राष्ट्रपति, चंद्रिका प्रसाद संतोखी के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे है।

इतना ही नहीं के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला, गूगल के सुंदर पिचाई, नोवार्टिस के वसंत नरसिम्हन, एडोब के शांतनु नारायण, आईबीएम के अरविंद कृष्णा, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन, वर्टेक्स फार्मास्यूटिकल्स के रेशमा केवलरमानी,माइक्रोन टेक्नोलॉजी के संजय मेहरोत्रा, कैडेंस डिजाइन सिस्टम के अनिरुद्ध देवगन, पालो अल्टो नेटवर्क के निकेश अरोड़ा, वीएमवेयर के रंगराजन रघुराम, इमर्सन इलेक्ट्रिक कंपनी के सुरेंद्रलाल करसनभाई, माइक्रोचिप प्रौद्योगिकी के गणेश मूर्ति आदि अपनी प्रतिभा, कौशल से कारोबार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया की अगुवाई कर रहे हैं और भारत के विकास के सहभागी भी बन रहे हैं। इस समय 18वीं लोकसभा चुनाव के बाद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की एनडीए गठबंधन सरकार बनने के बाद प्रवासियों का कहना है कि एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी नई सरकार से प्रवासियों को भारत के विकास में सहयोग और सहभागिता करने के मद्देनजर नई ऊर्जा प्राप्त होगी। अमेरिका में कार्यरत भारतीय अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडराइजर तथा भारत हितैषी प्रवासियों के विभिन्न संगठनों का कहना है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के आर्थिक और राजनीतिक मंचों पर जिस तरह भारत की सफलताओं का परचम फहराया है, उससे प्रवासियों के द्वारा गर्व अनुभव किया जा रहा है। उनका मानना है कि पिछले 10 वर्षों में भारत की सुरक्षा में सुधार हुआ है। सरकार ने आतंकवादी खतरों या आतंकवादी घटनाओं को नियंत्रित कर दिया है। सरकार की नीतियां भारत को आगे बढ़ा रही हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में प्रवासी भारतीयों की भी अहम भूमिका रही है। प्रवासियों का यह भी कहना है कि नई गठबंधन सरकार से दुनिया के कोने-कोने से भारतीय प्रवासियों को और अधिक सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञातव्य है कि जहां वर्ष 2023 में इजराइल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इजराइल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। साथ ही वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था। तब ऑपरेशन गंगा के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित भारत वापस लाया गया था। इस वर्ष जून 2024 में कुवैत में अग्निकांड में 45 प्रवासी भारतीयों की मौत के बाद कुवैत में प्रवासी भारतीयों की सहायता के मद्देनजर नई गठबंधन सरकार ने अहम भूमिका निभाई है। भारत सरकार की और अधिक सक्रियता जरूरी है।

हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में एनडीए गठबंधन की नई सरकार के द्वारा प्रवासियों के साथ सहभागिता के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे। हम उम्मीद करें कि दुनिया के कोने-कोने के देशों में प्रवासी भारतीय, राजनीतिक और तकनीकी क्षेत्रों में अपना प्रभावी योगदान देते हुए वैश्विक मंच पर भी भारत के हितों की जोरदार हिमायत के साथ भारत के सहयोगी और सहभागी की प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। हम उम्मीद करें कि प्रवासी भारतीय अपने ज्ञान व कौशल की शक्ति से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने, वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में और अधिक सक्रिय सहयोग देते हुए दिखाई देंगे।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



भारत के उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में गढ़वाल हिमालय पर्वतमाला पर स्थित केदारनाथ मंदिर भारत के सबसे प्रतिष्ठित और चमत्कारी हिंदू मंदिरों में से एक है। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर 3,583 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है जहाँ तक पहुचने के लिए श्रद्धालुयों को पैदल या घोड़े से यात्रा करके पहुंचना होता है।

## हाथरस हादसा

डॉ. मोनिका शर्मा




# अंध श्रद्धा से बचें महिलाएं

हाथरस भगदड़ में महिलाओं और बच्चों समेत 122 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इस पीड़ादायी हादसे में कई परिवार उजाड़ गए। भारी भीड़, भीषण गर्मी, अव्यवस्था और पंडाल से बाहर आने के लिए संकरा सा रास्ता। उसी मार्ग पर एक गहरा गड्ढा भी था। इस गड्ढे में कुछ लोग गिरे तो भगदड़ मच गई। जन सैलाब की धक्का मुक्की और दलदली मिट्टी में महिला, पुरुष और बच्चे गिरते रहे। लोग एक-दूसरे को रौंदकर निकलते रहे। दरअसल, यह घटना अव्यवस्था ही नहीं अंधश्रद्धा के भाव पर भी कई प्रश्न उठाती है। आस्था और धर्म के नाम पर उमड़ने वाली इस भीड़ में स्त्रियां बड़ी संख्या में शामिल होती हैं। आयोजनों का हिस्सा बनाने वाली महिलाओं के साथ बच्चे भी आते हैं। देखने में यह भी आ रहा है कि अब आयु वर्ग से परे स्त्रियां इन सत्संग कार्यक्रमों में देखी जाती हैं। घटना से जुड़ी तस्वीरों और वीडियो में किशोरियां, युवतियां और कम उम्र की महिलाएं अपने बच्चों-बड़ों को खोने एक बाद बिलखती दिख रही हैं। उम्र का यह पड़ाव और सत्संग के नाम पर तार्किक सोच का गुम होना समग्र समाज के लिए चिंतनीय है, क्योंकि मायावी बाबाओं की अंधभक्ति के फेर में केवल ग्रामीण और अशिक्षित महिलाएं ही नहीं फंसी हैं। हाल के बरसों में तो महानगरों में भी ऐसे बाबाओं को समर्थित विशाल आयोजन किए जाने लगे हैं। कई मामलों में आस्था के नाम भीड़ जुटाने वाले इन कार्यक्रमों और बाबाओं के चमत्कारों की हकीकत उजागर होने बावजूद महिलाओं की भीड़ जुट ही जाती है। सच तो यह है कि अंध भक्ति के फेर में फंसी महिलाएं अनगिनत समस्याओं से जूझ रही होती हैं। स्त्रियों के अनिश्चितता लिए जीवन को चमत्कारिक रूप से बेहतर बना देने वाली बातें ही उन्हें इन आयोजनों की ओर खींचती हैं। अधिकतर आयोजनों में भावनात्मक मोर्चे पर उनकी आस्था का दोहन ही होता है। ऐसे भी वाकये हुए हैं जब महिलाएं बाबाओं के झांसे में आकर शोषण का शिकार बन चुकी हैं। समय-समय पर बाबाओं के ज्ञान से जुड़ी भ्रांतियां तोड़ने वाली कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बावजूद इसके गांवों से महानगरों तक स्त्रियां इस जाल से बाहर आना ही नहीं चाहतीं। उलटे इन बाबाओं को पूजनीय बनाने वाले लोगों में अधिकतर महिलाएं ही होती हैं। अध्यात्म के नाम पर संचालित बाबाओं की गतिविधियों का व्यावसायिक विस्तार भी चिंता का विषय बन गया है। प्रायोजित टीवी कार्यक्रमों से लेकर सोशल मीडिया मंचों तक उपस्थिति रखने वाले बाबाओं के आडम्बरों की चकाचौंध को समझना और उस पर सवाल उठाना लाजिमी हो चला है। अंध समर्थन की यह सोच सामाजिक-पारिवारिक स्तर पर भी विचारणीय है। परिजनों को भी समझना होगा कि क्यों महिलाएं इस भटकाव का शिकार हो रही हैं? उनके अपनों को सहजता, आपसी समझ और संवेदनाओं से भरा परिवेश बनाना होगा। साथ ही यह भी जरूरी है कि नियतिवादी बनने के बजाय स्त्रियां तार्किक सोच रखते हुए धर्मान्धिता के इस जाल से बचें। धर्म-कर्म से जुड़ी श्रद्धा और विश्वास के सही मायने समझें। सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर हर बात में तर्क करने वाली महिलाएं अंधभक्ति के फेर में पड़ने के बजाय अपनी आस्था के बल मन की शक्ति जुटाएं। याद रहे कि मान-सम्मान बचाने एवं जीवन को सुरक्षित रखने वाला ईश्वरीय आस्था और मनोबल का मार्ग कोई बाबा नहीं स्वयं आपका अन्तर्मन ही सुझा सकता है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित

## दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

# कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित

## प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सबक क्यों नहीं लेते हम?

हाथरस में भगदड़ से सैकड़ों लोगों की मौत और कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। यह बहुत दुखद घटना है। सत्संग में मची भगदड़ कोई नई दुखद घटना नहीं, बल्कि इससे पहले भी दूसरे कई धार्मिक स्थलों पर ऐसी दुखद घटनाएं हो चुकी हैं। भगदड़ के लिए प्रशासन और लोग दोनों की ही गलती होती है। ऐसी घटनाओं से न तो प्रशासन और न ही आमजन कोई सबक लेता है। सरकारें और प्रशासन ऐसे हादसों के वक्त ही कुंभकर्णी नींद से जागते हैं और हादसे की जांच के आदेश देकर और पीड़ित लोगों को मुआवजे का आश्वासन देकर अगली किसी ऐसी ही घटना के इंतजार में लंबी तान कर सो जाते हैं। प्रदेश में कुछ ही दिनों बाद शक्तिपीठों आदि में मेलों का आयोजन होगा। इनके लिए प्रशासन को पुख्ता प्रबंध कर लेने चाहिए।

*- दीपक मिश्रा, धमतरी*

## ट्रेंड

### विपक्ष का रवैया चिंताजनक



संदेशखाली जैसी शर्मनाक घटना पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं को कोई पीड़ा नहीं है। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार को लेकर विपक्षी पार्टियों का यह सिलेक्टिव रवैया बहुत चिंताजनक है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गाजा अस्पताल पूरा खाली



यूरोपीय गाजा अस्पताल पूरी तरह से खाली हो गया है। अस्पताल के पास खान यूनिस में निकासी आदेशों के बाद, सभी 320 मरीजों और सभी चिकित्सा कर्मियों को हटा दिया है। अस्पताल से चिकित्सा उपकरणों से भरे तीन ट्रकों को भी ले जाया गया है।

**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### विवेकानन्द गौरवशाली साधु



स्वामी विवेकानन्द एक गौरवशाली हिंदू साधु थे, जिन्होंने औपनिवेशिक हिंसा और आक्रामक मिशनरी रूपांतरण में फंसी दुनिया में योग लाया, जिसका मुख्य लक्ष्य भारत था। आज उनकी प्रेरणा की जरूरत है क्योंकि वही अज्ञानी ताकतें नहीं चाहतीं कि भारत का उत्थान हो।

**-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक**

### जनता ने संविधान को बचाया




भारत की जनता ने संविधान और लोकतंत्र को बचा लिया है। देश की वंचित आबादी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए 'इंडिया' के साथ खड़ी हो गयी। गठबंधन के सभी साथियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

## करंट अफेयर

# यूक्रेन में प्रतिरोध व उम्मीद का प्रतीक बन गए फूल



रूस के आक्रमण के कारण दो साल से अपनी पत्नी और बेटी से मिलने के लिए तरस रहे ओलेक्जेंडर ट्रायफोनोव जब उनसे मिलने कीव रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे तो उन्होंने उनके लिए दो लाल गुलाब खरीदे। उनकी पत्नी और बेटी दो साल बाद पोलैंड से यूक्रेन लौट रही थीं। 45 वर्षीय चालक ट्रायफोनोव ने कहा, 'मैंने दो साल से उन्हें नहीं देखा है। फूल महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।' फूलों को हमेशा यूक्रेन की संस्कृति से जोड़ा जाता है और रूस के 2022 में आक्रमण करने के बाद से उनका महत्व और ज्यादा बढ़ गया है। उन्हें प्रतिरोध और उम्मीद दोनों का प्रतीक माना जाता है। युद्ध के कारण आ रही कठिनाइयों के बावजूद यूक्रेनी नागरिक राजधानी कीव तथा अन्य शहरों में अपने घर की बालकनी तथा अन्य स्थानों को फूलों से सजाने का कोई मौका नहीं चूकते। यहां तक कि यूक्रेन की जेलों में भी फूल दिखायी देते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के हमले में घायल हुई एक किशोरी से 2022 में जब अस्पताल में मिलने गए थे तो उसके लिए फूलों का एक गुलदस्ता लेकर गए थे। रूसी की राजधानी कीव के बाहरी इलाकों में निवासी अब भी अपने क्षतिग्रस्त या पूरी तरह से ध्वस्त कर दिए गए मकानों के बगीचों की देखभाल करते हैं।

## ऑफ बीट

# द. अफ्रीका में 34 हजार साल पुराने दीमक के टीले मिले



दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिकों को यह जानकर हैरानी हुई कि देश के शुष्क क्षेत्र में मौजूद दीमक के टीले 30,000 से अधिक वर्ष पुराने हैं जिसका मतलब है कि वे दीमक के अब तक के ज्ञात सबसे पुराने सक्रिय टीले हैं। स्टेलेनबॉश विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि रेडियोकार्बन डेटिंग में नामाक्वालैंड में बफेल्स नदी के पास के कुछ टीले 34,000 वर्ष पुराने होने का अनुमान लगाया गया था। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में वरिष्ठ व्याख्याता मिशेल फ्रांसिस ने कहा, 'हम जानते थे कि ये पुराने हैं लेकिन यह पता नहीं था कि इतने पुराने हैं।' उनका शोधपत्र मई में प्रकाशित हुआ। फ्रांसिस ने कहा कि ये टीले तब भी मौजूद थे जब नुकीले दांतों वाली बिल्लियां और वूली मैमथ पृथ्वी के अन्य हिस्सों में घूमते थे और यूरोप और एशिया का बड़ा हिस्सा बर्फ से ढका हुआ था। लाखों वर्ष पुराने कुछ जीवाश्म दीमकों के टीले खोजे गए हैं। इस अध्ययन से पहले सबसे पुराने बसे हुए टीले ब्राजील में पाए गए थे और लगभग 4,000 वर्ष पुराने हैं। वे अंतरिक्ष से दिखाई देते हैं। फ्रांसिस ने दीमक टीलों का जलवायु परिवर्तन, पारिस्थितिकी तंत्र बनाए रखने और संभवतः कृषि पद्धतियों में सुधार लाने पर असर को देखते हुए उन पर और अध्ययन करने का आह्वान किया है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

**मोदी, राहुल से ज्यादा किया गया पसंद मिले सबसे ज्यादा व्यूज**

*लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान तमाम दलों के नेताओं ने अपनी-अपनी बात रखी। इस दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सपा नेता अखिलेश यादव, टीएमएसी सांसद मोहुआ मोइत्रा जैसे तमाम विपक्षी नेताओं के भाषण की खूब चर्चा हुई। फिर पीएम नरेंद्र मोदी का दो घंटे से अधिक लंबा भाषण भी हुआ। पीएम मोदी ने अपने भाषण में चुन-चुन कर विपक्ष पर हमला बोला। उनका भाषण देश भर के मीडिया में लाइव चला। लेकिन, इस दौरान एक बड़ी रोचक बात सामने आई है। हर तरफ पीएम मोदी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव के भाषण की चर्चा हो रही थी, लेकिन देश की जनता एक अन्य सांसद की दीवाना बन गई थी। वह सांसद पहली बार लोकसभा पहुंचा है और उसका भाषण जंगल में आग की तरह फैला रहा है।*

# फर्स्ट टाइम एमपी चंद्रशेखर के भाषण की दीवानी हुई जनता

**चंद्रशेखर को 8.50 लाख, राहुल को 8 लाख वहीं पीएम मोदी को मिले 1.10 लाख व्यूज**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैसे तो इन नेताओं के भाषण की लोकप्रियता को मापने का कोई सटीक तंत्र मौजूद नहीं है लेकिन हम एक हद तक संसद टीवी के आंकड़े को ऑथेंटिक मान सकते हैं। इसके लिए हमने ट्यूब पर संसद टीवी के चैनल को आधार बनाया है। क्योंकि किसी की लोकप्रियता को मापने का इससे सटीक तंत्र अभी तक मौजूद नहीं है। हालांकि, यह भी सही बात है कि आज भी अपने देश में यूट्यूब पर ऐसे चैनल फॉलो करने वाली आबादी बहुत कम है। हम इस यूट्यूब की लिमिटेशन को समझते हुए यह बात कर रहे हैं। दरअलस, पीएम मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर जो जवाब दिया था उसे केवल 1.10 लाख व्यजू मिले हैं। वहीं राहुल गांधी के भाषण को आठ लाख से अधिक व्यू मिले हैं। सपा नेता अखिलेश यादव के भाषण को 4.20 लाख से अधिक व्यूज मिले।

अब आते हैं इस नए नवेले सांसद पर। इस सांसद का नाम है चंद्रशेखर आजाद. वह उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से विजयी हुए हैं। उनकी अपनी पार्टी है और वह अपनी पार्टी के इकलौते सांसद हैं।

**धन्यवाद प्रस्ताव पर 7:30 मिनट का भाषण**

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में उन्होंने करीब 7:30 मिनट का भाषण दिया। उनके भाषण को संसद टीवी के यूट्यूब चैनल पर बुधवार को अपलोड किया गया। बीते 24 घंटे के आंकड़ों के मुताबिक उन्हें गुरुवार सुबह तक 8.50 लाख से अधित व्यूज मिल चुके थे। चंद्रशेखर ने यह भाषण अपने भीम आर्मी के इंस्टाग्राम पेज पर भी डाला है। वहां उसे 2.12 लाख से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं।






### मोदी का भाषण

दूसरी तरफ पीएम मोदी के भाषण पर अपेक्षाकृत कम व्यूज मिले हैं। उनके दो वीडियो अपलोड किए गए हैं। एक 1:01 घंटे का और दूसरा 1:15 घंटे का है। ये दोनों वीडियो भी बुधवार को ही अपलोड किए गए हैं। इसमें एक को 36 हजार और दूसरे को 72 हजार व्यूज मिले हैं।

### राहुल को भी मिले खूब व्यूज



अब आते हैं राहुल गांधी पर। बतौर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चर्चा की शुरुआत में भाषण दिया था. राहुल गांधी ने लंबा भाषण दिया था। उसके भाषण का करीब 1:42 घंटे का वीडियो यूट्यूब पर है। उसे भी दो दिन पहले अपलोड किया गया है। उसे अब तक 8 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। सपा नेता अखिलेश यादव ने राहुल गांधी के बाद बोला था। उनके भाषण का करीब 29 मिनट का वीडियो यूट्यूब पर है। उसे बीते दो दिनों में 4.21 लाख व्यूज मिल चुके हैं।

---

## खबर संक्षेप

### 'अंतरिक्ष जाने से पहले प्रधानमंत्री मणिपुर जाएं'

**नई दिल्ली।** हाल ही में इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा था कि अगर हम प्रधानमंत्री को अंतरिक्ष में भेज सके तो हमें बहुत गर्व होगा।



एस सोमनाथ के इस बयान पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री ने निशाना साधा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'प्रधानमंत्री को अंतरिक्ष में जाने से पहले मणिपुर जाना चाहिए।' दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी अगर भारत के पहले मानव मिशन गगनयान के तहत अंतरिक्ष जाना चाहते हैं तो उन्हें बेहद खुशी होगी। गगनयान को साल 2025 में लॉन्च किया जाना है।

### गृह मंत्रालय ने बांसुरी को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी


**नई दिल्ली।** नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को गृह मंत्रालय ने



महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मंत्रालय ने बांसुरी स्वराज को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। इसको लेकर गृह मंत्रालय की तरफ से एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है। गृह मंत्रालय की ओर से 3 जुलाई को यह अधिसूचना जारी की गई। जिसके बाद बुधवार को ही बांसुरी स्वराज ने एनडीएमसी सदस्य के रूप में शपथ ली। बांसुरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इसकी पोस्ट भी शेयर की।

### अमरनाथ : 1.30 लाख हुई दर्शन करने वालों की संख्या

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर में अमरनाथ गुफा मंदिर में भगवान



शिव के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़कर 1.30 लाख से अधिक हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया, को वार्षिक यात्रा के छठे दिन लगभग 25 हजार तीर्थयात्रियों ने यात्रा की और बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए।'' उन्होंने बताया कि 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या अब 1,30,260 हो गई है।

---

**बाबा की खुलने लगी पोल** | उत्तर प्रदेश के कई शहरों में है बाबा के ठिकाने

# भक्तों से एक पैसा नहीं लेते फिर भी बाबा की शहर-दर-शहर प्रॉपर्टी, महंगी कारें-प्राइवेट आर्मी

*हाथरस सत्संग में हुए हादसे के बाद बाबा (सूरजपाल) चर्चा में हैं। वे फिलहाल फरार है और पुलिस उसे सरगर्मी से तलाश रही है। उनका असली नाम सूरजपाल सिंह जाटव है। वे अपने अलग अंदाज भी लिए जाने जाते हैं। वेश-भूषा देखकर कोई नहीं कह सकता है कि ये बाबा हैं, और कई राज्यों में इनके हजारों भक्त हैं। अब धीरे-धीरे बाबा की पोल खुल रही है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिलहाल बाबा के भक्त उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के अलावा देश के दूसरे हिस्सों में भी मौजूद हैं। जो सत्संग में आशीर्वाद लेने पहुंचते थे। सूरजपाल सिंह जाटव एटा जिले से अलग हुए कासगंज के पटियाली के बहादुरनगर गांव के निवासी हैं। वैसे बाबा का अब अपने गांव आना-जाना कम रहता है। लेकिन बहादुरनगर बाबा की जन्मस्थली के रूप में मशहूर है, जहां रोजाना लोगों की बड़ी भीड़ पहुंचती है।

### बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट

बहादुरनगर में बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट है, यहां सैकड़ों लोग काम करते हैं। ट्रस्ट के एक सदस्य ने बताया कि बाबा के नाम पर यहां 20-25 बीघा जमीन है, जहां खेती होती है। इसके अलावा ट्रस्ट के लोगों का यहां आने वाले भक्तों को कोई दिक्कत न हो, इस काम को देखते हैं। बहादुरनगर ट्रस्ट में बड़ी संख्या में महिला सेवादार भी हैं। उत्तर प्रदेश के नोएडा में बाबा का आश्रम बताया जा रहा है। इसके अलावा सूबे कई राज्यों में भी बाबा के ठिकाने हैं।

**बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट में करते हैं बड़ी संख्या में लोग काम**





### कई आश्रम हो चुके स्थापित

दिलचस्प ये भी है कि कथित भोले बाबा अपने भक्तों से कोई दान, दक्षिणा या चढ़ावा नहीं लेते हैं। लेकिन इसके बावजूद उनके कई आश्रम स्थापित हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश में कई दूसरे स्थानों पर स्वामित्व वाली जमीन पर आश्रम स्थापित करने का दावा भी किया जा रहा है। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बाबा के कई एकड़ जमीन पर आश्रम हैं, जहां लगातार सत्संग के कार्यक्रम चलते रहते हैं। बाबा के अनुयायियों में सबसे बड़ा वर्ग अनुसूचित जाति-जनजाति और ओबीसी वर्ग का है।

### मकान को मंदिर का दर्जा

*स्वंयभू 'भोले बाबा' पहले आगरा के एक छोटे से मकान में रहते थे। अब उस मकान को मंदिर का दर्जा दे दिया गया है। लोग अब उस ताला लगे मकान को बाबा की कुटिया कहते हैं। लेकिन आसपास के लोगों की मानें तो ये बाबा का सेफ हाउस भी है। जहां बाबा अक्सर आते हैं और आराम करते हैं। हालांकि वैसे आमतौर पर इस मकान पर ताला ही लगा रहता है।*

### प्राइवेट आर्मी से घिरे रहते थे बाबा

*बाबा के पास लग्जरी कारों का काफिला है और खुद की वर्दीधारी फौज भी है। जब भी बाबा कहीं निकलते थे उसके आसपास प्राइवेट कमांडो और फौज होती है। इस लंबी चौड़ी फौज को आश्रम के सेवादार कहा जाता है। बाबा हमेशा सफेद कपड़ों में तैनात निजी सुरक्षाकर्मियों के घेरे में होते हैं, कार्यक्रम में भी सुरक्षा का जिम्मा सेवादार के ऊपर होता है। खबरों की मानें तो बाबा की खुद की आर्मी है, जिसमें महिला कमांडो और पुरुष कमांडो शामिल हैं। प्रवचन के दौरान मैनेजमेंट का सारा जिम्मा इसी प्राइवेट आर्मी पर रहता था। यहां तक कि पुलिस को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं होती थी। सीएम योगी से लेकर पूरा प्रशासन बोल चुका है कि कैसे बाबा की आर्मी पुलिस प्रशासन को आयोजन स्थल में एंट्री करने नहीं देती थी। जानकारी के अनुसार सूरज पाल सिंह ने अपनी खुद की नारायणी सेना बनाई थी, जिसमें अधिकतर महिला गार्ड थीं, यह सेना आश्रम से लेकर सत्संग तक बाबा की सेवा करती थी। इस सेना का एक खास ड्रेस कोड भी रखा गया था।*


---

**विधानसभा चुनाव में आमने सामने होगी दोनों पार्टियां**

# 'दिल्ली, हरियाणा में आप कांग्रेस में गठबंधन नहीं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सात लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन के तहत एक साथ मैदान में दिखाई दी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अब विधानसभा चुनाव में आमने-सामने होगी। विधानसभा चुनाव साथ लड़ने या नहीं लड़ने के सवाल पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सब क्लियर कर दिया है। रमेश के मुताबिक हरियाणा और दिल्ली के आगामी विधानसभा चुनावों में दोनों पार्टी एक साथ नहीं होंगी। समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में जयराम रमेश ने कहा कि 'ऐसी कोई गुंजाइश नहीं है।'




### आप-कांग्रेस के अलग हुए रास्ते

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के मुताबिक दिल्ली को छोड़कर इंडिया गठबंधन महाराष्ट्र और झारखंड में एक साथ चुनाव लड़ेगा, लेकिन अन्य राज्यों में ऐसा होगा यह जरूरी नहीं है। जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन सहमति के तौर पर आगे बढ़ेगा और जिन राज्यों में संभावना बनेगी वहां एक साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाएगा। जयराम रमेश ने कहा, "पंजाब में कोई इंडिया गठबंधन नहीं है। हरियाणा में हमने लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को एक सीट दी थी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि विधानसभा चुनाव में गठबंधन होगा। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने खुद कहा है कि गठबंधन नहीं होगा।" जयराम रमेश ने कहा कि हमने दिल्ली में साथ चुनाव लड़ा था लेकिन पंजाब में नहीं, सब आपसी सहमति से हुआ था।

### पश्चिम बंगाल पर यह बोले जयराम रमेश

जयराम रमेश ने कहा ,"पश्चिम बंगाल के संदर्भ में भी मैंने कहा था कि इंडिया ब्लॉक लोकसभा चुनावों के लिए है, लेकिन जिन राज्यों में परिस्थितियां ऐसी हैं कि हमारे राज्य के नेता और हमारे गठबंधन सहयोगियों के नेता चाहते हैं, वहां गठबंधन बना रहेगा। महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एससीपी) के साथ गठबंधन रहेगा। झारखंड में हमारा झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ गठबंधन है।" हालांकि दिल्ली के सवाल पर जयराम रमेश ने साफतौर पर कहा दिया कि दिल्ली और हरियाणा में गठबंधन की कोई स्थिति नहीं है।

---

**खुफिया इनपुट के बाद घर के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा**

# राहुल को दक्षिणपंथी समूहों से खतरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर के



बाहर यह सुरक्षा खुफिया इनपुट के बाद बढ़ाई गई है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि दक्षिणपंथी समूहों से संभावित खतरे के बारे में खुफिया इनपुट प्राप्त हुआ था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली जिले से अर्धसैनिक बलों की एक टुकड़ी और दिल्ली पुलिस की कई टीमें उनके आवास के बाहर तैनात की गई हैं। गौरतलब है, सोमवार को संसद में राहुल के भाषण को लेकर विवाद हुआ है। उन पर हिदुओं को आहत करने का आरोप लगाया जा रहा है।

### ये है खुफिया इनपुट

मंगलवार को सूचना मिली कि दक्षिणपंथी संगठनों के सदस्य अशांति फैला सकते हैं जिसके बाद मध्य दिल्ली में कांग्रेस नेता के आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। पुलिस को संदेह है कि लोग तख्तियां या होर्डिंग लेकर उनके घर के बाहर इकट्ठा हो सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि स्थानीय पुलिस को 24 घंटे राहुल गांधी के आवास के आसपास निगरानी बढ़ाने को कहा गया है।

# मर्डर केस के आरोपी फिल्म स्टार दर्शन को राहत नहीं

एजेंसी ▶▶| बंगलुरू

मर्डर केस के आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा, उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा और अन्य की न्यायिक हिरासत बंगलुरू कोर्ट ने बढ़ा दी है।

- **कोर्ट ने 18 जुलाई तक बढ़ाई कस्टडी**

बंगलुरू कोर्ट ने आज गुरुवार को अभिनेता सहित अन्य आरोपियों की कस्टडी 18 जुलाई तक बढ़ाई है। दर्शन रेणुकास्वामी हत्या मामले में आरोपी हैं।

मर्डर केस में दर्शन और पवित्रा सहित सभी 17 आरोपियों की न्यायिक हिरासत आज समाप्त होने के बाद सभी को बंगलुरू और तुमकुरु जेलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां वे बंद हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अभिनेता के प्रशंसक 33 वर्षीय रेणुकास्वामी ने पवित्रा गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गए और कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी गई। उसका शव 9 जून को सुमनहल्ली में एक अपार्टमेंट के बगल में एक स्टॉर्मवॉटर नाले के पास मिला था।

### रेणुकास्वामी को बहाने से बुलाया गया था

चित्रदुर्ग में दर्शन के फैन क्लब का हिस्सा रहे आरोपियों में से एक राघवेंद्र ने रेणुकास्वामी को आर आर नगर में एक शेड में बहाने से बुलाया था। आरोपी ने बहाना किया था कि अभिनेता दर्शन उससे मिलना चाहते हैं और इसी शेड में उसे कथित तौर पर प्रताड़ित किया गया। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई।

# झारखंड विस चुनाव 'इंडिया' गठबंधन का चेहरा होंगे सोरेन

**जमशेदपुर।** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य डॉक्टर अजय कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि झामुमो नेता हेमंत सोरेन इस साल राज्य में होने वाले वाले विधानसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन का चेहरा होंगे। झामुमो के प्रमुख शिबू सोरेन के बेटे हेमंत ने बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन के इस्तीफा देने के बाद बृहस्पतिवार को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कुमार ने कहा, "झारखंड में मुख्यमंत्री बदलने से विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की संभावनाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बल्कि हम 2019 के चुनाव की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।" कांग्रेस झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन सरकार में शामिल है।



कुमार ने दावा किया, "हेमंत सोरेन को बिना किसी सबूत के पांच महीने तक जेल में रखने से दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और सामान्य जाति के लोगों में नाराजगी है।" यह पूछे जाने पर कि क्या हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के बीच सहमति बन गई है, इसपर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि इस मुद्दे पर शायद ही कोई मतभेद है। भाषा जोहेब पवनेश


**कार्यालय ग्राम पंचायत गोड़खाम्ही, जनपद पंचायत लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

क्रमांक / 84/ रा. वि.ग्रा.पं./ 2024 — **आम सूचना** — गोंड़खाम्ही, दिनांक 03/07/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोंड़खाम्ही राजीव गांधी सेवा केन्द्र भवन में दिनांक 08 .07 .2024 दिन सोमवार को समय दोपहर 12 :30 बजे से आम बाजार की वसूली हेतु निलामी की कार्यवाही किया जावेगा ।

| क्र. | ठेका का नाम | निलामी शुरू होने के पहले जमा करने वाली राशि | ठेके स्वीकृत उपरांत जमा करने वाले राशि | निलामी का समय | बाजार ठेके की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आम बाजार | 100000=00 | 1/2 | 12 :30 से प्रारंभ | 09 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक |

समस्त ठेकेदार जो बोली में भाग लेगा, को पहचान पत्र जैसे मतदाता परिचय पत्र, पेनकार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड यादि की छायाप्रति अमानत राशि जमा करते समय आवश्यक रूप से जमा करना होगा अन्यथा निलामी में भाग लेने की पात्रता नही होगी। बोली की समाप्ति पश्चात ठेकेदार को 02 खाली चेक जमा करना अनिवार्य है।

इच्छुक व्यक्ति नियत समय व स्थान पर उपस्थित होकर निलामी की कार्यवाही 11 :00 बजे से 01 :00 बजे तक अमानत राशि जमा कर बोली नियमानुसार लगा सकते है। नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय पर निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है।

निलामी स्थान ग्राम पंचायत राजीव गांधी सेवा केन्द्र गोंड़खाम्ही

निविदा की शर्ते कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

सरपंच-ग्राम पंचायत गोड़खाम्ही
जं.पं. लोरमी, जिला मुंगेली


---

**कोरियोग्राफर वैभवी मर्चेंट ने संभाला डांस का जिम्मा**

# अनंत-राधिका की शादी में फ्लैश मॉब, 60 डांसर करेंगे परफॉर्म

**12 जुलाई को होगी मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में शादी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंबानी परिवार के लिए ग्रैंड इवेंट्स का आयोजन करना कोई बड़ी बात नहीं है। अपने छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी के लिए नीता अंबानी ने जामनगर की सूरत बदल दी थी। अब मुकेश और नीता अंबानी, बेटे अनंत की शादी में भी कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। अंबानी परिवार सेलिब्रेशन में लग्जरी और भव्यता को अलग पैमाने पर ले जाने की तैयारी कर रहा है। स्टार्स से भरी मेहमानों की लिस्ट के साथ-साथ दिल खुश करने वाली डेकोरेशन तक हर छोटी डीटेल का ध्यान रखा जा रहा है, जिससे अनंत की राधिका मर्चेंट संग शादी को यादगार बनाया जा सके।



### शादी में होगा खास सेलिब्रेशन

ताजा जानकारी के मुताबिक, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में यूनीक फ्लैश मॉब होने वाला है। (फ्लैश मॉब एक बड़े डांस ग्रुप को कहते हैं, जो तय जगह पर आकर परफॉर्म करके गायब हो जाते हैं। इस परफॉर्मेंस के लिए कमाल की ट्यूनिंग होनी जरूरी है।)। एक मीडिया चैनल ने दावा किया कि अंबानी परिवार शुभ आशीर्वाद सेरेमनी के लिए ग्रैंड फ्लैश मॉब का आयोजन कर रहा है। ये सेरेमनी 13 जुलाई को होगी और फ्लैश मॉब में 60 डांसर परफॉर्म करेंगे।

### ऐसा है शादी का कार्यक्रम

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का जश्न 12 से 14 जुलाई तक चलने वाला है। दोनों की शादी 12 जुलाई को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में होगी। इसके बाद 13 जुलाई को कपल का शुभ आशीर्वाद होगा और फिर 14 जुलाई को उनका रिसेप्शन होगा। इस शादी में अंबानी और मर्चेंट परिवार के साथ सेलिब्रेशन में शामिल होने बॉलीवुड, स्पोर्ट्स और बिजनेस जगत के लोग आएंगे। कई इंटरनेशनल स्टार्स भी इस जश्न में परफॉर्म करने के लिए बुलाए जा रहे हैं। इसमें ड्रेक, अडेल, जस्टिन बीबर और लाना डेल रे का नाम शामिल है।


**Office of The Superintending Engineer Chhattisgarh Rural Road Development Agency Project Circle Raigarh, Distt-Raigarh (C.G.)**

NIT No 1441st Call /Tender/CGRRDA/2024 — Raigarh Date: 03.07.2024

**-:: Press Notification ::-**
**NIT No 144 1st Call Date 03.07.2024**

The Superintending Engineer, Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Project Circle, Raigarh on behalf of Governor of Chhattisgarh (C.G.) invites the Online percentage rate tenders for Repair & Maintenance work of PMGSY on print rate **SOR of CGRRDA (i.e. S.O.R. of Panchayat and Rural Development Department, For Construction & Maintenance of Rural Roads works issued by Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Raipur enforced from 22.02.2018)** from approved and eligible Contractors Single Window Registration under E-In-C PWD C.G. for following works under:-

| N | Dist/PIU | NIT No | Tender No | Work Name | Amount (Rs. in Lakhs) | Earnest Money (Rs. in Lakhs) | Districts | Time Allowed for Completion (Including Rainy Season) | Category of Contractor | Rate Invited | Remark/ No. of Call/ SOR Applied |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Raigarh/ Raigarh | 144 | 155695 | Repair & Maintenance Work Under PMGSY | 50.00 (I/c GST 18%) | 50,000/- | Raigarh | 02 Month | D & Above | Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur | 1st Call |
| 2 | Raigarh/ Dharamjaigarh | 144 | 155696 | | 50.00 (I/c GST 18%) | 50,000/- | Raigarh | 02 Month | D & Above | | 1st Call |
| 3 | Janjgir-Champa/ Janjgir | 144 | 155697 | | 50.00 (I/c GST 18%) | 50,000/- | Janjgir-Champa | 02 Month | D & Above | | 1st Call |

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in. **on 09.07.2024, 5:00 PM**

**(K.R.Sahu)**
**Superintending Engineer**
**Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Project Circle, Raigarh (C.G.)**

**S. 40693**

# सीजेआई ने तेजी के बीच सेबी व सैट को दी सतर्क रहने की सलाह

**प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, बाजार में उछाल के बीच सावधानी जरूरी**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने बाजार नियामक सेबी और सैट को शेयर बाजारों में उल्लेखनीय उछाल के बीच सावधानी बरतने की बृहस्पतिवार को सलाह दी। उन्होंने अधिक न्यायाधिकरण पीठों की भी वकालत की ताकि इनकी 'स्थिर नींव' सुनिश्चित की जा सके। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने यहां नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का उद्घाटन करते हुए अधिकारियों से सैट की नई पीठें खोलने पर विचार करने का आग्रह किया, क्योंकि अधिक मात्रा में लेन-देन तथा नए नियमों के कारण कार्यभार बढ़ गया है।

- सीजेआई ने और अधिक न्यायाधिकरण पीठों की वकालत की

### सैट ने अब तक 6700 मामले निपटाए

सीजेआई ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और सैट जैसे अपीलीय मंच के स्थिर तथा पूर्वानुमानित निवेश वातावरण को बढ़ावा देने के पीछे उनका 'अत्यधिक राष्ट्रीय महत्व' हैं। सैट के पीठासीन अधिकारी न्यायमूर्ति पी. एस. दिनेश कुमार ने कहा कि सैट में 1,028 अपीलें लंबित हैं। 1997 में अपनी स्थापना के बाद से इसने 6,700 से अधिक अपीलों का निपटारा किया है।



### समय पर त्रुटियां सुधारना जरूरी

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में समय पर कार्रवाई और त्रुटियों को सुधारना बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधान न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सैट की नई वेबसाइट भी पेश की। इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्षेत्र में प्रगति के साथ न्याय तक पहुंच की अवधारणा पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

### संतुलन व धैर्य बनाए रखे

बीएसई के 80,000 अंक का आंकड़ा पार करने को उल्लास से भरा क्षण बताने वाली खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं नियामक प्राधिकरणों के लिए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देती हैं कि जीत के बीच हर कोई अपना 'संतुलन व धैर्य' बनाए रखे।

### संस्थान की नींव स्थिर रहे

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'आप शेयर बाजार में जितनी अधिक तेजी देखेंगे, मेरा मानना है कि सेबी तथा सैट की भूमिका उतनी ही अधिक होगी। ये संस्थान सतर्कता बरतेंगे, सफलताओं का जश्न मनाएंगे लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इसकी नींव स्थिर रहे।'

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का ऋण वितरण 19 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में ऋण वितरण 19 प्रतिशत बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है। 30 जून, 2023 के अंत तक बकाया ऋण 1.75 लाख करोड़ रुपये था।

### आइनॉक्स विंड का शेयर 14 फीसदी से अधिक चढ़ा




**नई दिल्ली।** पवन ऊर्जा सेवा प्रदाता कंपनी आईनॉक्स विंड के शेयर में बृहस्पतिवार को सुबह के कारोबार में 14 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। प्रवर्तक आईनॉक्स विंड एनर्जी के कंपनी में 900 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा के बाद इसके शेयर में उछाल आया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर शेयर 14.45 प्रतिशत बढ़कर 163.07 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया।

### श्रीलंका ने बांडधारकों के साथ किया समझौता



**कोलंबो।** श्रीलंका के वित्त मंत्रीशेहन सेमसिंघे ने बृहस्पतिवार को कहा कि लंबी बातचीत के बाद द्वीप राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय संप्रभु बॉन्डधारकों के साथ ऋण पुनर्गठन समझौते पर पहुंच गया है। उन्होंने इसे नकदी की कमी से जूझ रहे देश में ऋण स्थिरता को बहाल करने के प्रयासों में एक ''महत्वपूर्ण कदम'' बताया।

### एमएनआरई का वित्त पोषण के लिए दिशानिर्देश जारी

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY सत्यमेव जयते

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत परीक्षण सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और संस्थागत समर्थन के वित्तपोषण के लिए योजना दिशानिर्देश जारी किए हैं। इस योजना का कुल बजट 200 करोड़ रुपये होगा और इसे वित्त वर्ष 2025-26 तक लागू किया जाएगा।

### सेल के पूर्व प्रमुख वर्मा श्याम मेटलिक्स में एमडी नियुक्त

सेल SAIL

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक चंद्र शेखर वर्मा को श्याम मेटलिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड ने अपना स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। वर्मा रणनीतिक सलाहकार बोर्ड में शामिल होंगे सभी प्रमुख निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेंगे।

### रियल एस्टेट कारोबार को अलग करेगी रेमंड




**नई दिल्ली।** कपड़ा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी रेमंड लिमिटेड शेयरधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने तथा भारतीय संपत्ति बाजार में वृद्धि की संभावनाओं का दोहन करने के लिए अपने रियल एस्टेट कारोबार को अलग करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने रेमंड लिमिटेड (अलग हुई कंपनी) और रेमंड रियल्टी लिमिटेड और उनके संबंधित शेयरधारकों की व्यवस्था की योजना को मंजूरी दे दी है। रेमंड लिमिटेड में प्रत्येक एक शेयर के बदले रेमंड रियल्टी का एक शेयर मिलेगा।

## रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

# 11 सालों के हाई पर पहुंची घरों की बिक्री, लग्जरी और प्रीमियम हाउसिंग की सबसे ज्यादा डिमांड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रियल एस्टेट कंसलटेंट नाइट फ्रैंक इंडिया ने साल 2024 की पहली छमाही के लिए इंडिया रियल एस्टेट फ्लैगशिप रिपोर्ट जारी किया है। इस रिपोर्ट में देश के टॉप आठ शहरों में रेसिडेंशियल और ऑफिस सेगमेंट पर पड़ रहे प्रभावों का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 की पहली छमाही में इन टॉप 8 शहरों में कुल 183,401 हाउसिंग यूनिट्स लांच हुए हैं जो कि 2023 के मुकाबले 6 फीसदी ज्यादा है।

### 1,73,241 आवास की बिक्री

वर्ष 2024 की पहली छमाही में 173,241 घरों की बिक्री हुई है जो कि 2023 के इसी अवधि के मुकाबले 11 फीसदी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की दूसरी तिमाही में कुल 86,896 हाउसिंग यूनिट्स की सेल्स हुई है जो 2023 की दूसरी तिमाही से 12 फीसदी ज्यादा है।

### महामारी के बाद से रेसिडेंशियल मार्केट में तेजी

नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी के बाद से रियल एस्टेट इंडस्ट्री के सभी सेगमेंट्स में जोरदार रिकवरी देखने को मिली है। लेकिन रेसिडेंशियल मार्केट में सबसे तेज रिकवरी देखने को मिली है। 2020 के बाद से प्राइमरी मार्केट में सेल्स वॉल्यूम 29 फीसदी के दर से सालाना बढ़ा है और 2023 में तो 10 सालों के हाई पर हाउसिंग सेल्स का आंकड़ा जा पहुंचा है।



*साल 2024 के पहले छमाही में रेसिडेंशियल मार्केट्स के लिहाज से देश के टॉप 8 शहरों में घरों की बिक्री 11 सालों के हाई पर जा पहुंची है। जिसमें महंगे और लग्जरी घरों की डिमांड सबसे ज्यादा रही है। प्रीमियम हाउसिंग में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत वाले घर अब सबसे बड़े सेगमेंट के तौर पर उभरकर सामने आए है।*



### मुंबई में महंगे घरों की सेल्स में 117% का उछाल!

नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल के मुकाबले दिल्ली एनसीआर को छोड़कर सभी मार्केट्स में हाउसिंग सेल्स बढ़ा है। दिल्ली एनसीआर में सेल्स में 4 फीसदी की कमी आई है। मुंबई में 47,259 यूनिट्स बिके हैं जो 13 वर्ष का हाई है और पिछले साल के समान अवधि के मुकताबले 16 फीसदी सेल्स बढ़ा है। दरअसल मुंबई में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत वाले घरों की सेल्स में 117 फीसदी का उछाल आया है।

- 2024 की पहली छमाही में आवासीय बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी
- महंगे और लग्जरी घरों की मांग सबसे अधिक रही
- प्रीमियम हाउसिंग में एक करोड़ से अधिक कीमत वाले घरों

### अफोर्डेबल हाउसिंग की डिमांड कम


*रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच छमाही में 50 लाख रुपए से कम कीमत वाले घरों की सेल्स में कमी देखने को मिली है। रेसिडेंशियल मार्केट में शानदार तेजी के बाद भी 50 लाख रुपए से कम कीमत वाले घर नहीं बिक रहे जिसके लिए लगातार प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी, महंगे होम लोन रेट्स और इस सेगमेंट में आने वाले होमबायर्स पर महामारी के बुरे प्रभाव के चलते डिमांड कम रही है। तो डेवलपर्स ने भी प्रीमियम हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के लांचिंग पर अपना फोकस बढ़ा दिया है।*

### प्रीमियम घरों की बढ़ी डिमांड

रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में भी हाउसिंग सेल्स में तेजी बनी हुई है और 2024 की पहली छमाही में हाउसिंग सेल्स का आंकड़ा 11 वर्ष के हाई पर जा पहुंचा है। पहली छमाही में 173,241 हाउसिंग यूनिट्स की सेल्स देखने को मिली है। घरों के डिमांड के आंकड़े लचीले ग्रोथ की ओर इशारा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, प्रीमियम घरों की डिमांड रेसिडेंशियल मार्केट की जड़ों में समा चुका है।

# एसबीआई कृषि ऋण खंड में कम करेगी जोखिम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- बैंक ने 11 नई पहल की घोषणा की
- इनमें डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं को बढ़ाना शामिल

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 11 नई पहल की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इनमें डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं को बढ़ाना और 35 नए कृषि केंद्रीकृत प्रसंस्करण प्रकोष्ठ खोलना शामिल है, जिससे कृषि ऋण खंड में जोखिम कम होगा।

भारतीय स्टेट बैंक ने बयान में 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संभावित ग्राहकों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक की पहुंच को व्यापक बनाने को इन पहल की घोषणा की। बयान के अनुसार, एसबीआई ने अपने डिजिटल भुगतान अनुभव को बेहतर किया है। इसमें भीम एसबीआई पे ऐप पर 'टैप-एंड-पे' और योनो ऐप पर म्यूचुअल फंड के खिलाफ 'एंड-टू-एंड' डिजिटल ऋण जैसी दो सुविधाएं शामिल हैं। बैंक ने एक पहल की भी घोषणा की जो एसबीआई सूर्य घर ऋण को पूरी तरह से डिजिटल 'एंड-टू-एंड' बनाएगा है। इसमें कहा गया कि उपयोगकर्ता केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना के तहत ऋण का विकल्प चुन सकते हैं। यह 10 किलोवाट क्षमता तक के लिए ऋण प्रदान करता है। एमएनआरई/आरईसी मंच पर आवेदक पंजीकरण से लेकर ऋण वितरण तक पूरी प्रक्रिया एसबीआई के डिजिटल मंच पर प्रबंधित की जाएगी। देश की वृद्धि गाथा को आकार देने में प्रवासी भारतीयों के महत्वपूर्ण योगदान और वैश्विक उपस्थिति को स्वीकार करते हुए एसबीआई ने पंजाब के पटियाला में दूसरा वैश्विक एनआरआई केंद्र (जीएनसी) खोला है।

### भारत में 434 विशिष्ट एनआरआई शाखाएं

भारत में 434 विशिष्ट एनआरआई शाखाओं के तंत्र, 29 देशों में विदेशी कार्यालयों तथा खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में 45 एक्सचेंज हाउस और पांच बैंक के साथ साझेदारी से एसबीआई दुनियाभर में अपने एनआरआई ग्राहकों को व्यापक सेवाएं प्रदान करने में पूरी तरह से सक्षम है।

# थ्रेड्स के दुनियाभर में 17.5 करोड़ उपयोगकर्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने कहा है कि उसकी सोशल नेटवर्किंग सेवा 'थ्रेड्स' के लिए भारत सबसे सक्रिय देशों में से एक है। थ्रेड्स के वैश्विक स्तर पर 17.5 करोड़ से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।


फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच का संचालन करने वाली कंपनी मेटा की तरफ से आई यह जानकारी इस लिहाज से अहम है कि ट्विटर (अब एक्स) के प्रतिद्वंद्वी के रूप में थ्रेड्स को आधिकारिक रूप से पेश किए जाने के लगभग एक साल पूरे होने जा रहे हैं। मेटा ने बयान में कहा, '17.5 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ताओं के साथ हम थ्रेड्स को एक ऐसा मुकाम बनाते हुए देख रहे हैं।




- भारत सबसे सक्रिय देश : मेटा
- फेसबुक व इंस्टाग्राम जैसे मीडिया मंच का संचालन करता है मेटा

*भारत में थ्रेड्स पर क्रिकेट का राज : थ्रेड्स के मंच पर आजतक वैश्विक स्तर पर पांच करोड़ विषयों से अधिक टैग किए गए हैं। मेटा ने कहा, 'भारत में थ्रेड्स पर क्रिकेट का राज है। इसमें ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा जैसे मौजूदा खिलाड़ियों के अलावा आकाश चोपड़ा और सुरेश रैना जैसे पूर्व क्रिकेटर और ए बी डिविलियर्स जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर खेल के प्रति अपने जुनून को साझा करते हैं।'*

## बिजली की मांग पूरी करने डीवीसी का जीयूवीएनएल समझौता



**कोलकाता।** दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने पश्चिम बंगाल में अपने आगामी रघुनाथपुर संयंत्र (दूसरा चरण) से 600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। डीवीसी सदस्य (वित्त) अरूप सरकार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि केंद्र ने बिजली खरीद समझौते (पीपीए) को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य पश्चिमी राज्य में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करना है। उन्होंने कहा, ' डीवीसी पहली बार गुजरात को बिजली निर्यात करेगी। हम अभी दक्षिणी तथा उत्तरी राज्यों और बांग्लादेश को निर्यात करते हैं।' समझौते के अनुसार, डीवीसी रघुनाथपुर परियोजना के दूसरे चरण में अपनी आगामी 1320 मेगावाट बेहद आवश्यक इकाइयों से बिजली उपलब्ध कराएगी।

# सोना 530 रुपए मजबूत, चांदी में 1,200 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना बढ़कर 73,080 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी की कीमत में 92 .500 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़त

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 530 रुपये की तेजी के साथ 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये बढ़कर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 91,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें (24 कैरेट) 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं, जो पिछले बंद भाव से 530 रुपये अधिक है। बाजार सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के स्थानीय बाजारों में सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। चांदी 92,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,355 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 16 डॉलर अधिक था।

### औद्योगिक धातुओं में तेजी आई

डॉलर सूचकांक में गिरावट आई है और औद्योगिक धातुओं में तेजी है, जिससे सोने की कीमत एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गई है। वहीं चांदी की कीमत में दो प्रतिशत से अधिक की तेजी आई।

# सेंसेक्स पहली बार 80 हजार अंक के पार हुआ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 63 अंक चढ़कर पहली बार 80,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा।

सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच मुख्य रूप से बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों... आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टीसीएस में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 62.87 अंक बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 80,049.67 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 15.65 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,302.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 114.5 अंक चढ़कर 24,401 अंक तक गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'निवेश के लिहाज से रक्षात्मक माने जाने वाली आईटी और औषधि क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में लिवाली देखी गयी। अमेरिका में मुद्रास्फीतिक दबाव कम होने, तिमाही आधार पर आय परिदृश्य में सुधार तथा 10 साल के बांड प्रतिफल में तेज गिरावट से इन शेयरों में लिवाली की गयी।'



- निफ्टी भी नई ऊंचाई पर पहुंचा
- आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस व टीसीएस में रही खरीदी

### जापान का निक्की नए ऊंचाई पर

जापान का सूचकांक निक्की 225 बृहस्पतिवार को को 40,913.65 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। प्रौद्योगिकी और निर्यातोन्मुखी शेयरों की भारी खरीद से सूचकांक में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूचकांक का सर्वकालिक उच्च स्तर दिन के कारोबार के दौरान 41,087.75 अंक था जो 22 मार्च को बना था। बंद होने का अभी तक का इसका रिकॉर्ड स्तर 40,888.43 अंक था।

*लाभ में रहे शेयर : सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, सन फार्मास्युटिकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे।*

*इन शेयरों में रहा नुकसान : नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। बीएसई में कारोबार वाले कुल 4,021 शेयरों में से 2,185 शेयर लाभ में जबकि 1,742 में गिरावट आई जबकि 94 में कोई बदलाव नहीं हुआ।*

# हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और इसकी क्षमता का दोहन करने के लिए प्रक्रियाओं में और सुधार लाने के साथ-साथ तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। सरकार लॉजिस्टिक्स केंद्र विकसित करने पर काम कर रही है। नागर विमानन मंत्रालय में वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और देश में माल ढुलाई या कार्गो विमानों की संख्या बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में भारतीय कंपनियों के पास लगभग 18 मालवाहक जहाज हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में एसीएफआई (एयर कार्गो फोरम इंडिया) द्वारा आयोजित सम्मेलन में कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र में कारोबार को और आसान बनाने तथा तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान दिया जाएगा।



- तेजी से काम पूरा करने की जरूरत : अधिकारी

*कोविड पूर्व स्तर पर नहीं पहुंची हालांकि, कोविड-19 महामारी की मार झेलने के बाद यात्री खंड में सुधार हुआ है, लेकिन हवाई माल ढुलाई अब भी कोविड-पूर्व स्तर पर पूरी तरह से नहीं पहुंच पाई है। वर्ष 2023-24 में देश में हवाई माल ढुलाई 33.6 लाख टन से थोड़ा ज्यादा था।*

## महामारी के बाद कर्मचारियों को बनाए रखने के लिए ले रही सहारा


# 'ऑफिस पीकॉकिंग' का सहारा ले रही कंपनियां

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कोरोना वायरस की वैश्विक महामारी के बाद कर्मचारियों को संस्थान में बनाए रखने और उन्हें कार्यालय में वापस लाने के लिए कई कंपनियां 'ऑफिस पीकॉकिंग' का सहारा ले रही हैं। उद्योग विशेषज्ञों ने यह बात कही है। 'ऑफिस पीकॉकिंग' नियोक्ता के अपने कार्यालयों को अधिक आकर्षक और आरामदायक बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक रणनीति है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद कर्मचारियों को कार्यस्थल पर वापस लाने के लिए इसका इस्तेमाल काफी बढ़ गया है।

- नियोक्ता कार्यालयों को अधिक आकर्षक बनाने इस्तेमाल कर रहे रणनीति

*महानगरों में इसका चलन ज्यादा : मिश्रा ने कहा कि बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और हैदराबाद जैसे प्रमुख महानगरों में इसका चलन सबसे अधिक है। इन शहरों में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां तथा स्टार्टअप इकाइयां हैं, जो इस तरह के चलन को अपनाने में सबसे आगे हैं।*



### हाल ही प्रचलन में आया

कार्यस्थल डिजाइन करने वाली कंपनी स्पेस मैट्रिक्स ग्लोबल की प्रबंध निदेशक तितिर डे ने कहा कि 'ऑफिस पीकॉकिंग' हाल ही काफी प्रचलन में आया। कंपनियां वैश्विक महामारी के बाद कर्मचारियों को कार्यालय में वापस लाने के तरीके तलाश कर रही हैं, जिसमें प्रौद्योगिकी संवर्धन पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया है।

### निवेश में 25-30 फीसदी वृद्धि हुई

कर्मचारियों की व्यवस्था करने वाली कंपनी सीआईईएल के मानव संसाधन निदेशक एवं सीईओ आदित्य नारायण मिश्रा ने कहा कि पिछले दो से तीन वर्षों में 'ऑफिस पीकॉकिंग' के चलन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसमें कार्यालय की साजसज्जा और डिजाइन के निवेश में अनुमानतः 25-30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

*कार्यबल को अधिक उत्पादक बनाया जा सकता है : डे ने कहा, 'कार्यात्मक तथा भावनात्मक दोनों आवश्यकताओं को पूरा करने वाले सहानुभूतिपूर्ण माहौल का निर्माण करके संगठन कार्यबल को अधिक उत्पादक बना सकते हैं।'*

### वैश्विक महानगरों के बाद भारत में तेजी पकड़ी

मानव संसाधन सेवा प्रदाता 'टीमलीज सर्विसेज' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (स्टाफिंग) कार्तिक नारायण ने कहा कि वैश्विक महामारी के बाद भारत में 'ऑफिस पीकॉकिंग' अवधारणा ने तेजी पकड़ी है। घर से काम करना कर्मचारियों के लिए किफायती और आरामदायक बनने के बाद उनको कार्यालय तक लाना एक चुनौती बन गया था।

* **रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक पत्रकार ने अज्ञात के खिलाफ अपने घर के बाहर खड़ी कार चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# लोकसभा में विपक्ष का गैर जिम्मेदाराना रवैया

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



लोकसभा के प्रथम सत्र की समाप्ति के बाद रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बुधवार को वापस रायपुर पहुंचे। स्वामी विवेकानंद विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, सदन में विपक्ष और उसके नेता राहुल गांधी का जैसा व्यवहार है, जिस प्रकार की भाषा का वह उपयोग कर रहे हैं, वह अशोभनीय है। विपक्ष का रवैया लोकसभा में गैर जिम्मेदाराना रहा है।

श्री अग्रवाल ने कहा, विपक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री के धन्यवाद प्रस्ताव को भी सुनने को तैयार नहीं था। पूरे समय हंगामा करते रहे। अगर भारत को विकसित भारत बनाना है तो हम सभी को देशहित में मिलकर चलना पड़ेगा। विपक्ष का कार्य केवल सरकार का विरोध करना नहीं है, बल्कि अच्छे कार्यों में देश के हितों में सरकार का समर्थन भी करना होना चाहिए और विकसित भारत बनाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, चाहे लोकसभा हो या राज्यसभा दोनों सदनों में ही कांग्रेस को देखकर ऐसा लगता है कि नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना और कांग्रेस की पराजय उनको पच नहीं रही है।

लोकसभा में हिंदुओं को हिंसक कहने पर देशभर में राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन पर श्री अग्रवाल ने कहा, सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि हिंदू कोई धर्म नहीं है, बल्कि एक विचारधारा है, यह संस्कार है और जीवन पद्धति है और ऐसे में राहुल गांधी ने पूरे हिंदुओं को हिंसक और भयभीत करने वाला बताया है। निश्चित रूप से इसका विरोध स्वाभाविक है। अगर राहुल गांधी और कांग्रेस सुधरेगी नहीं, तो अभी तो देश की जनता ने उन्हें विपक्ष में बैठाया है, आने वाले समय में इनको पूरी तरह से नकार दिया जाएगा।।

## 169 पुलिस अधिकारी-पुलिसकर्मी की देर रात नवीन पदस्थापना

रायपुर। बुधवार देर रात पुलिस महकमे में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई। राजधानी रायपुर के विभिन्न थानों में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना सूची जारी की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उप-निरीक्षक शंकर कुमार पाल को यातायात में पदस्थापित किया गया है। नरसिंह साहू को सिविल लाइन, शिवशंकर दुबे को कोतवाली, अनिल बघेल को मौदहापारा में नवीन पदस्थापना प्रदान की गई है।

**-:: ईश्तहार / आम सूचना ::-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा अब्दुल अजीज खान पिता इसहाक खान, उम्र 65 वर्ष, निवासी ग्राम सरगांव, जिला मुंगेली, छ.ग. हाल मुकाम साकेत नगर बरखेड़ा, भोपाल, म.प्र. का निवासी है, के भूमि स्वामी स्वत्व एवं अधिकार में ग्राम रांका, प.ह.नं. 19, रा.नि.मं. बेरला, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा, छ.ग. में स्थित ख.नं. 864, रकबा 0.52 हे. भूमि है। जिसे मेरे पक्षकार के पास विक्रय करने का सौदा किया गया है।

उक्त भूमि विक्रय सौदे पेटे किसी भी व्यक्ति को संस्था समिति आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मेरे पास आकर 07 दिन के अंदर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। यदि 07 दिवस उपरांत किसी भी व्यक्ति, संस्था, समिति द्वारा किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाता है तो वह झूठा, नाजायज एवं निराधार माना जावेगा। चूंकि उक्त भूमि का सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया जा चुका है।

अतः इस आम सूचना के जरिये अन्य व्यक्ति, संस्था एवं समिति को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वे निश्चित समयावधि में अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है।

एतद् सूचना जानो।
दिनांक 04.07.2024

**प्रणीश चौबे, अधिवक्ता,**
**जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा,**
**जिला - बेमेतरा, छ.ग.**
**मो.नं. 9425561437, 8839280281**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
**(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम, छ.रा.वि.मं. का एक उत्तरवर्ती कंपनी) CIN: U40108CT2003SGC015822**
**कार्या. कार्यपालन अभियंता (सं. / सं.) संभाग बैकुण्ठपुर**

क्र.03146/सामा./विज्ञापन/700A — बैकुण्ठपुर, दिनांक 04/07/2024

**विद्युत लाईन चालू करने की सूचना**

